दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 8
कोटद्वार मंगलवार
25 अप्रैल 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## देर रात ट्रैक्टर पलटा, चालक की दबकर मौत

**रुद्रपुर।** पंतनगर थाना क्षेत्र में रविवार देर रात ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बिलासपुर क्षेत्र ग्राम गगनपुर रामपुर निवासी 35 वर्षीय सोनू कश्यप देर रात थाना पंतनगर क्षेत्र से ट्रैक्टर लेकर जा रहे थे। इसी बीच ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया।

वाहन पलटने की आवाज सुनकर लोग दुर्घटना स्थल के तरफ दौड़ पड़े। कड़ी मशक्कत के बाद युवक को बाहर निकाला जा सका। गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम को भिजवाया गया। सूचना पर परिजन मोर्चरी पहुंचे। यहां परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## दिल का दौरा पड़ने से बुजुर्ग कैदी की मौत

**हरिद्वार।** आजीवन कारावास की सजा काट रहे एक बुजुर्ग कैदी की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने कैदी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कैदी के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जेल प्रशासन की सूचना पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए थे।

घटना सोमवार तड़के 2.45 बजे की है। आजीवन कारावास की सजा काट रहे बुजुर्ग कैदी नूर अहमद (73) पुत्र महमूद निवासी गांव मरगूबपुर बहादराबाद रोजाना की तरह जेल परिसर में नमाज पढ़ने की तैयारी कर रहे थे। नमाज से पूर्व वजू करते हुए अचानक वह गिर गए। यह देखकर अन्य कैदियों ने शोर मचा दिया। आनन फानन में बुजुर्ग कैदी को जेल कैंपस के अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर जिला अस्पताल पहुंचकर नायब तहसीलदार रमेश चंद्र नौटियाल ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जेल अधीक्षक मनोज आर्य ने बताया कि कैदी की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई है। सीसीटीवी कैमरे में पूरा घटनाक्रम कैद हुआ है। कैदी की जल्द रिहाई भी हो सकती थी। कैदी को हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा हुई थी।

## तबादला एक्टः 10 जून तक होंगे सभी विभागों में कर्मचारियों और अधिकारियों के तबादले

देहरादून। प्रदेश में तबादला एक्ट के तहत 10 जून तक सभी विभागों में पत्र कर्मचारियों, अधिकारियों के तबादले किए जाएंगे। कार्मिक विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। विभाग ने आदेश जारी करते हुए कहा कि तय समय सारिणी के अनुसार तबादले की कार्रवाई की जाए। तबादला एक्ट के तहत सामान्य तबादलों के लिए समय सारिणी के मुताबिक लोक सेवकों के तबादले आदेश जारी करने की अंतिम तिथि 10 जून है।

इससे पहले 25 मई से 5 जून तब तबादला समिति की बैठक के साथ ही तबादलों को लेकर सक्षम प्राधिकारी की सिफारिश हो जानी चाहिए।साथ ही जारी आदेश में कहा गया कि तबादलों के लिए प्राप्त विकल्पों और आवेदन पत्रों का विवरण विभाग की वेबसाइट पर 20 मई तक प्रदर्शित हो जानी चाहिए। वही 30 अप्रैल तक अनुरोध के आधार पर तबादलों के लिए आवेदन मांग लिए जाने चाहिए। आपको बता दे हर साल सामान्य तबादलों के लिए तबादला एक्ट 2017 की धारा 23 के तहत समय सारिणी तय की गई है।

# प्रदेश का माणा गांव अब देश का पहला गांव

**देहरादून।** सीमा सड़क संगठन द्वारा सीमांत गांव माणा के प्रवेश द्वार पर देश के अंतिम गांव के स्थान पर पहले गांव का साइन बोर्ड लगा दिया गया है। ज्ञातव्य है कि 21अक्टूबर 2022 को माणा में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा माणा को भारत के अन्तिम गांव की बजाय देश का पहला गांव कहे जाने पर मुहर लगाते हुए कहा कि ''अब तो उनके लिये भी सीमाओं पर बसा हर गांव देश का पहला गांव ही है। पहले जिन इलाकों को देश के सीमाओं का अंत मानकर नजर अंदाज किया जाता था, हमने वहां से देश की समृद्धि का आरंभ मानकर शुरू किया।

लोग माणा आएं, यहां डिजिटल टेक्नोलॉजी का प्रयोग किया जा रहा है।'' इससे पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तर-ाखण्ड का दशक बता चुके हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के सीमावर्ती क्षेत्र आज वास्तव में और अधिक जीवंत हो रहे हैं। इसके लिये वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। उन्होंने कहा कि वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम का उद्देश्य सीमावर्ती गांवों का विकास करना, ग्रामवासियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना, स्थानीय संस्कृति, पारंपरिक ज्ञान और विरासत को बढ़ावा देकर पर्यटन क्षमता का लाभ उठाना और समुदाय आधारित संगठनों, सहकारी समितियों और गैर सरकारी संगठनों के माध्यम से एक गांव एक उत्पाद की अवधारणा पर पर्यावरण स्थायी पर्यावरण–कृषि व्यवसायों को विकसित करना है।

उन्होंने कहा कि वाइब्रेंट विलेज कार्य योजनाएं जिला प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायतों के सहयोग से तैयार की गई हैं।




इससे इन क्षेत्रों के उत्पादों जड़ी–बूटियों, सेब, राजमा सहित फसलों के साथ–साथ यहां विकास की संभावनाओं को पंख लगेंगे। इन क्षेत्रों में एक गांव एक उत्पाद योजना के तहत ऊनी वस्त्रों का निर्माण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना सीमांत क्षेत्रों से पलायन को रोकने में मददगार होगी तथा हमारे सीमांत क्षेत्रवासी देश की सुरक्षा में भी भागीदारी निभा सकेंगे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी, का यह कथन कि ''21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखण्ड का होगा'' हमें एक नए उत्साह और ऊर्जा से भर देता है। एक तरफ जहां यह हमें गर्व की अनुभूति कराता है वहीं दूसरी तरफ यह हमें हमारे कर्तव्यों का भी बोध कराता है।

प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरूप हम राज्य के विकास और कल्याण के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने हेतु संकल्पबद्ध हैं। हमने राज्य को वर्ष 2025 तक हर क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने के लिए ''विकल्प रहित संकल्प'' का मूलमंत्र अपनाया है।

## तबादला एक्टः 10 जून तक होंगे सभी विभागों में कर्मचारियों और अधिकारियों के तबादले

देहरादून। प्रदेश में तबादला एक्ट के तहत 10 जून तक सभी विभागों में पत्र कर्मचारियों, अधिकारियों के तबादले किए जाएंगे। कार्मिक विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। विभाग ने आदेश जारी करते हुए कहा कि तय समय सारिणी के अनुसार तबादले की कार्रवाई की जाए। तबादला एक्ट के तहत सामान्य तबादलों के लिए समय सारिणी के मुताबिक लोक सेवकों के तबादले आदेश जारी करने की अंतिम तिथि 10 जून है।

इससे पहले 25 मई से 5 जून तब तबादला समिति की बैठक के साथ ही तबादलों को लेकर सक्षम प्राधिकारी की सिफारिश हो जानी चाहिए।

साथ ही जारी आदेश में कहा गया कि तबादलों के लिए प्राप्त विकल्पों और आवेदन पत्रों का विवरण विभाग की वेबसाइट पर 20 मई तक प्रदर्शित हो जानी चाहिए। वही 30 अप्रैल तक अनुरोध के आधार पर तबादलों के लिए आवेदन मांग लिए जाने चाहिए। आपको बता दे हर साल सामान्य तबादलों के लिए तबादला एक्ट 2017 की धारा 23 के तहत समय सारिणी तय की गई है। समस्त अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव मंडलायुक्त गढ़वाल व कुमाऊं एवं समस्त विभागाध्यक्ष तबादलों के लिए तय समय सारिणी के अनुसार तबादले की कार्रवाई करें। इसके अलावा शिक्षा विभाग की ओर से भी इस संबंध में आदेश जारी किया गया है।

प्रारंभिक शिक्षा निदेशक वंदना की ओर अपर निदेशक बेसिक और माध्यमिक शिक्षा, अपर निदेशक एससीईआरटी, प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान एवं मुख्य शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि तय कार्यक्रम के अनुसार तबादले की कार्रवाई की जाए। अपर सचिव कार्मिक ललित मोहन रयाल का कहना है कि तबादला एक्ट के तहत सामान्य तबादलों के लिए जो समय सारिणी है, उसी के मुताबिक तबादले की कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। समय सारिणी में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

साथ ही आपको बता दें विधवा और विधुर कर्मचारियों को अनिवार्य तबादलों में छूट को लेकर उत्तरांचल फेडरेशन ऑफ मिनिस्ट्रियल सर्विसेज एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री से विचार करने की मांग की है। एसोसिएशन के प्रांतीय महामंत्री मुकेश बहुगुणा ने मामले में आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। मुकेश बहुगुणा ने जानकारी देते हुए कहा कि मिनिस्ट्रियल संवर्ग में कनिष्ठ सहायक सीधी भर्ती के पदों पर 1 वर्षीय कंप्यूटर डिप्लोमा को अनिवार्य किया जाए।

## भाजपा सरकार किसान विरोधीः हरीश रावत


**हरिद्वार।** कांग्रेस नेता व पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने प्रेसवार्ता कर राज्य की भाजपा सरकार पर हमला बोला। उन्होंने इकबालपुर चीनी मिल पर किसानों के बकाया देय के मांग को लेकर नौ मई को चीनी मिल के बाहर चौबीस घंटे का उपवास करने के ऐलान को दोहराया। रुड़की–पनियाला मार्ग की बदहाल हालत पर नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि सरकार उसको ठीक नहीं कराती तो वह 11 मई को इस मार्ग पर बैठकर एक घंटे मार्ग को अवरुद्ध कर सरकार को चेताने का काम करेंगे। हरीश रावत ने कहा कि भाजपा सरकार किसान विरोधी है। गन्ने के दामों में बढ़ोत्तरी न करके यह साबित कर दिया है। एक तरफ चीनी के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। लेकिन किसान को उनके गन्ने की फसल की उचित कीमत नहीं दी जा रही। कहा कि इकबालपुर शुगर मिल पर 200 करोड़ का बकाया है। लेकिन सरकार की चुप्पी बता रही है कि शुगर मिल के मालिकों को सरकार का आशीर्वाद प्राप्त है। उन्होंने कहा कि सीएम के सड़कों का गड्ढा मुक्त करने के आदेशों का पालन नहीं हो रहा है। प्रेसवार्ता में महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सतपाल ब्रहमचारी, जिलाध्यक्ष राजीव चौधरी, कार्यकारी महानगर अध्यक्ष अमन गर्ग, मुरली मनोहर, ओपी चौहान, सुंदर मनवाल, राजवीर चौहान, विपिन पेवल, गौरव चौहान, सुशील राठी, अमित नौटियाल, राहुल चौधरी मौजूद रहे।

# आज खुलेंगे केदारनाथ धाम के कपाट

**रुद्रप्रयाग। विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम के कपाट आज देश–विदेश के भक्तों के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। इस धार्मिक आयोजन को संपन्न कराने के लिए केदारनाथ रावल भीमाशंकर लिंग सहित बीकेटीसी के अधिकारी कर्मचारी के साथ ही प्रशासन और पुलिस की टीमें केदारनाथ धाम में मौजूद हैं। इसी के साथ अब केदारनाथ धाम की यात्रा का भी मंगलवार से विधिवत शुभारंभ हो गया है। ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग भगवान केदारनाथ धाम के कपाट मंगलवार सुबह 6:20 बजे श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। इसके बाद छह महीने बाबा केदार की पूजा–अर्चना केदारनाथ धाम में ही की जाएगी। कपाट खुलने के उत्सव के लिए बीकेटीसी द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। केदारनाथ मंदिर को करीब 45 कुंतल फूलों से सजाया गया है। कपाट खुलने के मौके पर सीएम पुष्कर सिंह धामी भी केदारनाथ में मौजूद रहेंगे। कपाट खुलने को लेकर बीकेटीसी ने सभी तैयारियां भी पूरी कर ली है।**

## मक्कूमठ से तुंगनाथ को रवाना हुई भगवान तुंगनाथ की डोली

**रुद्रप्रयाग।** पंचकेदारों में तृतीय केदार भगवान तुंगनाथ की उत्सव डोली अपने शीतकालीन गद्दी स्थल मक्कूमठ से तुंगनाथ के लिए रवाना हो गई है। पहले दिन डोली गांव के पास भूतनाथ मंदिर में विश्राम के लिए पहुंची। इस दौरान भक्तों के जयकारों के साथ क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो उठा। 26 अप्रैल को तुंगनाथ के कपाट विधि विधान एवं शुभ लग्नानुसार के साथ आम श्रद्धालुओं के खोले जाएंगे। सोमवार सुबह 8 बजे मठापति राम प्रसाद मैठाणी की अगुवाई में वेदपाठी और तीर्थ पुरोहितों ने शीतकालीन गद्दीस्थल मक्कूमठ में भगवान तुंगनाथ की भोग मूर्तियों की विशेष पूजा–अर्चना कर महाभिषेक किया। जिसके बाद शीतकालीन गर्भ गृह से भगवान तुंगनाथ की मूर्तियों को मंदिर परिसर में लाया गया। मूर्ति को विग्रह उत्सव डोली में विराजमान कर श्रृंगार किया गया। मक्कूमठ के स्थानीय ग्रामीणों ने भगवान तुंगनाथ को चावल, पूरी पकोड़ी का अर्घ्य लगाया।



## घण्डियाल देवता की यात्रा 27 को पहुंचेगी केदारनाथ धाम

श्रीनगर गढ़वाल : घंटाकर्ण मन्दिर समिति के ओर से घण्डियाल देवता की देवारा यात्रा केदारनाथ के लिए रवाना हुई। सोमवार को यात्रा का विधिवत शुभारंभ देवथान देवगढ़ी से हुआ। इस दौरान पुजारियों ने घण्डियाल देवता की विधिवत पूजा अर्चना के बाद निशाण यात्रा के लिए निकाले।मंदिर समिति के महासचिव रामेश्वर बर्तवाल ने बताया कि देव यात्रा पैदल मार्ग से धुरेट, तल्ली रिगोली, फेतकंडा होते हुए मल्ली रिगोली रात्रि विश्राम हेतु पहुंचेगी। 25 अप्रैल को प्रातः देव पूजन के बाद यात्रा तेगड़, सौराखाल होते हुए सूर्यप्रयाग तिलवाड़ा के लिए निकलेगी, तिलवाड़ा में स्नान के बाद यात्रा कुमडी, डंगवाल गांव होते हुए बेडु बगड़ में केदारनाथ राष्ट्रीय मार्ग से गुप्तकाशी के लिए प्रस्थान करेगी। उसके बाद गुप्तकाशी में भगवान विश्वनाथ की पूजा अर्चना के बाद यात्रा अगले रात्रि पड़ाव गौरीकुंड के लिए प्रस्थान करेगी। 26 अप्रैल को प्रातः स्नान पूजन के बाद देव यात्रा पैदल मार्ग से रात्रि पड़ाव केदार बेस कैम्प के लिए प्रस्थान करेगी। जिसके बाद 27 अप्रैल को प्रातः 5 बजे बेस कैंप से केदारधाम दर्शन के लिए प्रस्थान करेगी। भगवान केदार के दर्शनों के उपरांत यात्रा वापस गौरीकुंड के लिए प्रस्थान करेगी और मोटर मार्ग से त्रिजुगी नारायण रात्रि विश्राम हेतु रवाना होगी। 28 अप्रैल को भगवान त्रिजुगी नारायण की पूजा अर्चना के बाद यात्रा अगले पड़ाव चिरबिटिया को प्रस्थान करेगी। 29 अप्रैल को यात्रा पैदल मार्ग से जिबालाखाल, ताल होते हुए घण्डियालधार रात्रि पड़ाव के लिए पहुंचेगी।

## केदारनाथ पहुंची बाबा केदार की डोली

**रुद्रप्रयाग।** बाबा केदार की चल विग्रह उत्सव डोली सोमवार को हल्की बर्फबारी के बीच केदारनाथ धाम पहुंच गई है। डोली का केदारपुरी में पहुंचने पर बड़ी संख्या में भक्त एवं स्थानीय लोगों ने भव्य स्वागत किया। बम बम भोले, हर हर महादेव और जय बाबा केदार के जयघोषों से सम्पूर्ण केदारपुरी गुंजायमान हो गई। केदारनाथ के कपाट आज खुलेंगे। सोमवार सुबह बाबा केदार की पंचमुखी डोली बड़ी संख्या में भक्तों के साथ गौरीकुंड से केदारनाथ के लिए रवाना हुई। गौरीकुंड में विधिवत पूजा अर्चना के साथ डोली ने केदारधाम को प्रस्थान किया। जब डोली लिंचौली तक पहुंची तो मौसम ठीक था किंतु केदारनाथ धाम पहुंचते ही डोली का स्वयं प्रकृति ने स्वागत किया। यहां हल्की बर्फबारी के बीच डोली केदारनाथ धाम पहुंची जहां भक्तों ने हर हर महादेव और बम बम भोले के जयघोषों से डोली का स्वागत किया। परम्परानुसार डोली को नियत स्थान पर विराजमान किया गया है। बाबा केदार की डोली यात्रा चार दिनों की पैदल यात्रा के बाद सोमवार सायं केदारनाथ धाम पहुंची।

## तीन जिलों में एवलांच का अलर्ट, गोमुख ट्रैक समेत उच्च हिमालयी क्षेत्रों में चार दिन ट्रैकिंग पर रोक

**उत्तरकाशी** । उत्तराखंड में अगले छह–सात दिन मौसम खराब बना रहेगा। वहीं, मौसम विभाग ने एवलांच की चेतावनी जारी की है। जिसे देखते हुए गोमुख ट्रैक समेत उच्च हिमालयी क्षेत्रों में ट्रैकिंग पर रोक लगा दी गई है। गंगोत्री नेशनल पार्क के उपनिदेशक आरएन पांडेय ने बताया कि खराब मौसम को देखते हुए अगले चार दिन ट्रैकिंग पर रोक लगाई गई है।

बता दें कि डीजीआरई चंडीगढ़ की ओर तीन जिलों में एवलांच की चेतावनी जारी की गई है। इसके बाद उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से भी जिलों को अलर्ट पर रहने के निर्देश जारी किए गए हैं।इस संबंध में संपर्क करने पर सचिव आपदा प्रबंधन डॉ. रंजीत सिन्हा ने बताया कि डीजीआरई चंडीगढ़ की ओर से मिले इनपुट के आधार पर उत्तरकाशी, चमोली और रुद्रप्रयाग जिलों का अलर्ट पर रहने के निर्देश जारी किए गए हैं।

# मुख्यमंत्री धामी ने किया चारधाम यात्रा मार्गों पर 50 हेल्थ एटीएम का लोकार्पण

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान यात्रियों को सुलभ और अच्छी स्वास्थ्य सुविधाओं उपलब्ध करवाने के लिए राज्य सरकार व स्वास्थ्य विभाग गंभीरता से कार्य कर रहे हैं। यात्रा मागी व दूरदराज क्षेत्रों में लगाए जा रहे हेल्थ एटीएम यात्रियों तथा स्थानीय जनता के लिए अत्यन्त लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। हेल्थ एटीएम तकनीक लोगों को सुलभ और सस्ती प्राथमिक और निवा-रक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए चिकित्सा पेशे में सबसे महत्वपूर्ण विकासों में से एक है। यह शहरी और ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा के बीच की खाई को पाटने जा रहा है और दूरस्थ क्षेत्रों में लोगों के समग्र स्वास्थ्य में सुधार करेगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में चारधाम यात्रा मागी पर एचपीई कम्पनी के सीएसआर के तहत प्रदान किये जाने वाले 50 हेल्थ एटीएम का लोकार्पण किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग तथा (हेवलेट पैकर्ड एंटरप्राइज)



एचपीई के मध्य मानसरोवर यात्रा हेतु कुमांऊ क्षेत्र में 25 हेल्थ एटीएम स्थापित करने के लिए एमओयू किया गया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हाल ही में राज्य के विभिन्न स्थानों में स्थापित किए गए हेल्थ एटीएम के माध्यम से अभी तक 1700 से अधिक लोग अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवा चुके हैं। लोगों को हेल्थ एटीएम का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि स्थापित किए गए हेल्थ एटीएम का सुचारू संचालन व देखभाल भी आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा मार्गों पर सुलभ चिकित्सा सुविधाएं होना भी आवश्यक है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा चारधाम यात्रियों हेतु हेल्थ गाइडलाइन्स जारी की गई है, जिनका पालन आवश्यक है। इसके साथ ही तीर्थयात्री मौसम की जानकारी भी रखे तथा उसके अनुसार ही अपनी यात्रा को आगे बढ़ाये।

हेवलेट पैकर्ड एंटरप्राइज ने चार धाम तीर्थ स्थलों पर आसान और सस्ती स्वास्थ्य सेवाओं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से 50 क्लाउड सक्षम हेल्थ कियोस्क (हैल्थ एटीएम) स्थापित किए हैं। यह हैल्थ एटीएम उत्तराखंड राज्य में तीर्थयात्रियों को उनकी चार धाम यात्रा के दौरान टेलीमेडिसिन सेवाएं प्रदान करने के लिए वन–स्टॉप डिजिटल टच प्वाइंट एकीकृत मशीनें होंगी। यह क्लाउड सक्षम हेल्थ कियोस्क विभिन्न स्थानों पर स्थापित किए गए हैं जहां तीर्थयात्री केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के चार हिमालयी तीर्थ स्थलों की तीर्थ यात्रा के दौरान आमतौर पर विश्राम लेते हैं। इन स्वास्थ्य कियोस्क का मुख्य उद्देश्य दूर–दराज के क्षेत्रों में तीर्थयात्रियों तथा जनता की यात्रा के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा तक उनकी पहुंच को आसान बनाना है। हेल्थ क्योस्क एक टच स्क्रीन हार्डवेयर है जिसे स्वास्थ्य संबंधी जानकारी के प्रबंधन के लिए डिज़ाइन किया गया है और यह लोगो को किसी भी इंटरनेट से जुड़े वेब ब्राउज़र के माध्यम से 247 अपनी व्यक्तिगत स्वास्थ्य जानकारी तक पहुँचने की अनुमति देता है।

यह मशीन पंद्रह मिनट के भीतर रोगी की ऊंचाई, वजन, शरीर का तापमान, रक्त ग्लूकोज, रक्तचाप, इनवेसिव और गैर–आक्रमक रक्त परीक्षण, हृदय जांच और ऑक्सीजन संतृप्ति स्तर सहित 70 से अधिक मेडिकल टेस्ट की तुरंत रिपोर्ट दे सकता है। यह अपनी टेलीमेडिसिन परामर्श सुविधा के माध्यम से रोगियों को स्पेशलिस्ट और प्रमाणिक डॉक्टरों और अस्पतालों से सर्वोत्तम उपचार के लिए परामर्श देने में भी मदद कर सकता है। इन मशीनों का तीन घंटे तक का पावर बैकअप है। 50 स्वास्थ्य कियोस्क को आधार के रूप में हरिद्वार से "चार धाम मार्ग" पर तैनात किया गया है और फिर यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ मार्ग पर शाखाओं में बांटा गया है।

इस अवसर पर सचिव स्वास्थ्य डा0 आर राजेश कुमार, अपर सचिव सुश्री अमनदीप कौर, महानिदेशक स्वास्थ्य विभाग डा0 विनीता शाह, एमडी एचपीई सोम सत्संगी, एचपीई सीएसआर सुशील भाटला तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## सूडान में फंसे दून के नंदकिशोर समेत उत्तराखंड के सात लोग, नहीं हो पा रहा कोई संपर्क

**देहरादून।** देहरादून के नंद किशोर समेत उत्तराखंड के कुल सात लोग सूडान के संघर्ष में फंसे हुए हैं। पुलिस ने सोमवार को सभी की सूचना भारत सरकार को उपलब्ध करा दी है। इनमें दून के नंद किशोर के अलावा जुनैद अली, सलमा त्यागी, जुनैद त्यागी, इनायत त्यागी सभी निवासी हरिद्वार, जयपाल सिंह निवासी रुद्रप्रयाग और मोर सिंह निवासी टिहरी शामिल हैं।

जानकारी के अनुसार, देहरादून के नकरौंदा निवासी नंद किशोर बीते तीन दिनों से उनका परिवार से संपर्क नहीं हुआ है। आखिरी बार 21 अप्रैल को बात हुई तो उन्होंने पत्नी से कहा था कि यहां खाने पीने की दिक्कत शुरू हो गई है। बातचीत के बीच ही फोन कट गया था। इसके बाद से परिवार चिंता में है।

64 वर्षीय नंद किशोर पहले गुजरात में काम करते थे। उनकी पत्नी सुनीता ने बताया कि गत 20 मार्च को उन्हें गुजरात के ठेकेदार राशिद पटेल ने छह लोगों के साथ सूडान के खारतून भेजा था। उनके साथ गुजरात के सेवक राम वर्मा आदि लोग भी हैं।

# राज्यपाल गुरमीत सिंह ने ली उत्तराखण्ड सैनिक पुनर्वास संस्था की बैठक



देहरादून। सैनिक पुनर्वास संस्था, केंद्रीय सैनिक बोर्ड और अन्य संस्थाओं द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का शत–प्रतिशत लाभ सैनिकों तथा उनके आश्रितों को मिले इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। यह बात राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सोमवार को राजभवन में उत्तराखण्ड सैनिक पुनर्वास संस्था की बैठक लेते हुए कही। राज्यपाल ने कहा कि सैनिक पुनर्वास संस्था, संचालित योजनाओं को जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं को जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करने और अधिकाधिक लोगों को लाभान्वित करने के लिए योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाए।

उन्होंने कहा कि जानकारी के अभाव में पात्र लोग योजनाओं के लाभ से वंचित हो रहे हैं इस पर विशेष फोकस करने की जरूरत है। राज्यपाल ने योजनाओं के प्रचार–प्रसार के लिए नयी तकनीकों के साथ–साथ वेबसाइट, सोशल मीडिया, मास मीडिया का प्रयोग करने के भी निर्देश दिए। राज्यपाल ने पूर्व सैनिकों, उनके आश्रितों को स्वरोजगार हेतु प्रेरित करने के लिए विशेष कैम्प आयोजित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

## डीएम अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय नारकोटिक्स समिति की बैठक

देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में आज उनके कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय नारकोटिक्स समिति की बैठक आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने मुख्य शिक्षाधिकारी, देहरादून को निर्देशित किया गया कि नारकोटिक्स के सम्बन्ध में कक्षा 08 से 12 तक के विद्यार्थियों को ड्रग्स एवं नशे के दुष्प्रभाव को रोकने से सम्बन्धित पाठ्यक्रम एन०सी०ई०आर०टी० की पुस्तक में सम्मिलित किये जाने के लिये पत्राचार करें, जिससे भविष्य में विद्यार्थियों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों से बचाया जा सके। उन्होंने स्कूलों में कांउिसलिंग एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए स्कूलों एवं कॉलेजों के समीप यदि कोई शराब की दुकानें है तो उसकी सूची तैयार करें जिससे भविष्य में उन दुकानों का हटाया जा सके।

# स्टेजिंग एरिया पुस्तक कोरोना काल का महत्वपूर्ण दस्तावेज




नोएडा : विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर बुरांस साहित्य एवं कला केन्द्र ने स्टेजिंग एरिया नामक पुस्तक के साहित्य चर्चा की। राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित और उत्तराखंड भारतीय जनता पार्टी के विशेष आमंत्रित सदस्य वीरेंद्र सेमवाल ने कहा कि एक प्रशासनिक अधिकारी के दायित्व और मानवीय संवेदनाओं की बात को स्टेजिंग एरिया में बड़ी सरल और सहज भाषा में अभिव्यक्त किया गया है। वरिष्ठ समाजसेवी विनोद कबटियाल ने स्टेजिंग एरिया पुस्तक को महामारी के कोराना काल पर लिखा हुआ महत्वपूर्ण दस्तावेज बताया।

नोएडा सेक्टर 34 स्थित भारतीय धरोहर सभागार में आयोजित परिचर्चा में वरिष्ठ पत्रकार ज्ञानेंद्र बरतरिया ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी मितेश्वर आनंद की किताब स्टेजिंग एरिया कोरोनाकाल के दुःख-दर्द और मानवीय संवेदनाओं को सिल सिलेवार प्रस्तुत करती है। स्टेजिंग एरिया के लेखक मितेश्वर आनंद ने कहा कि पुस्तक में वर्णित किस्सों के जरिये महामारी, जीवन में रिश्तों की अहमियत, स्वास्थ्य रक्षा और वर्तमान की बेसिर पैर अंधी दौड़ से निजात पाने की बात कही। चर्चा में कुछ वक्ताओं ने कोरोना प्रबंधन उजले-स्याह पक्ष उजागर किये तो कुछ ने आध्यत्मिक पहलुओं पर बात की। कोरोना प्राकृतिक या मानव जनित था इस पर भी खूब बात हुई। चर्चा के दौरान वक्ता बृजेश मिश्र, बीना नयाल और पूजा गुसाईं बीमारी के भोगे हुए अनुभवों को साझा करते हुए भावुक भी हो गए।

पुस्तक परिचर्चा में विनोद कबटियाल, सुशील पुरोहित, शिक्षिका और लेखिका बीना नयाल, समीक्षक अमित चौहान, वरिष्ठ ब्लॉगर पूजा गुसाईं, समाजिक कार्यकर्ता कुमु जोशी भटनागर, अनु पंत, सुरेंद्र गैरोला ने स्टेजिंग एरिया पर अपनी बात रखी। उत्तराखंड में उद्यमिता के रोल मॉडल दीपक ध्यानी ने स्यारा रिटेल के बुरांस का जूस, बाल मिठाई, अरसे से सभी अतिथियों का मुँह मीठा करवाया और कोरोना के दौरान विदेशों में फंसे लोगों को निकालने के खट्टे-मीठे अनुभव साझा किए। विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर हुई इस पुस्तक चर्चा में बीना नयाल, कुमार पंकज, कुमु जोशी भटनागर और विपिन ध्यानी ने अपनी कविताओं का पाठ पर खूब तालियां भी बटोरी। परिचर्चा का संयोजन एवं संचालन वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार प्रदीप कुमार वेदवाल ने किया।

# महाराज ने की केंद्रीय ऊर्जा मंत्री से शिष्टाचार भेंट



देहरादून/नई दिल्ली। सोमवार को प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह से श्रम शक्ति भवन, नई दिल्ली स्थित उनके कार्यालय पर शिष्टाचार भेंट कर उन्हें चारधाम यात्रा पर उत्तराखण्ड आने का निमंत्रण दिया। इस दौरान विभिन्न विषयों पर चर्चा भी की गई। इस अवसर पर सचिव सिंचाई हरीश चंद्र सेमवाल, जनपद टिहरी के जिलाधिकारी एवं सिंचाई विभाग के प्रमुख अभियंता जयपाल सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

# रघुनाथ कीर्ति परिसर की पहली डॉक्यूमेंट्री बनी

नई टिहरी : जाने माने पांडवाज ग्रुप ने केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर, देवप्रयाग की पहली डॉक्यूमेंट्री बनाई है। निर्देशक विनोद शर्मा के निर्देशन में बनी डॉक्यूमेंट्री में परिसर का इतिहास, शैक्षणिक गतिविधि व भविष्य की योजनाओं आदि को दर्शाया गया है। परिसर निदेशक प्रो. पीवीबी सुब्रह्मण्यम के मार्गदर्शन में प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने भी इसमें सहयोग किया है। 50 से अधिक संस्कृत नाटकों का मंचन कर चुके प्रसिद्ध निर्देशक विनोद शर्मा भोपाल परिसर में अध्ययनरत हैं। देवप्रयाग परिसर में बड़ी स्क्रीन पर डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। निर्देशक विनोद शर्मा को स्मृति चिह्न, शॉल और गढ़वाली टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया। निदेशक प्रो. सुब्रह्मण्यम ने कहा कि इस वृत्तचित्र में परिसर की अध्यापन कार्यविधि, छात्रों को दी जाने वाली सुविधाएं, भविष्य की योजनाएं दर्शाई गई हैं। आगामी सत्र से परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग केंद्र व उत्तराखंड की लोकसंस्कृति आधारित संग्रहालय खोलना परिसर की प्रमुख योजनाओं में शामिल हैं। विनोद शर्मा ने कहा कि नाटक और डॉक्यूमेंट्री निर्माण के बाद मिलने वाली सराहना अत्यंत आनंद और गौरव देती है। (एजेंसी)

## हर विधानसभा के 25 कमजोर बूथों पर जन संवाद करेगी भाजपा

देहरादून। भारतीय जनता पार्टी राज्य की सभी 70 विधानसभा सीटों के 25 सबसे कमजोर बूथों पर जन संवाद कार्यक्रम आयोजित करेगी। लोकसभा सांसदों के नेतृत्व में आयोजित होने वाले इस अभियान की शुरूआत 15 मई से होगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने बताया कि लोकसभा चुनाव अभियान के तहत इस जन संवाद कार्यक्रम को आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि जन संवाद कार्यक्रम 15 मई से 16 जून तक आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में लोकसभा सांसद प्रत्येक विधानसभा के सबसे कमजोर 25 बूथों पर विभिन्न आयोजनों के जरिए आम लोगों से संवाद करेंगे।

# चमोली में यात्री उठाएंगें पहाड़ी व्यंजनों लुफ्त



चमोली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मिलेट उत्पादों को प्रोत्साहन देने और अंतर्राष्ट्रीय मिलेट मिशन 2023 को बढ़ाने लिये पर्वतीय जिले चमोली ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब चार धाम यात्रा पर आने वाले यात्रियों और पर्यटकों को होटलों में मिलेट मिशन (स्थानीय उत्पाद) के तहत स्थानीय उत्पाद और विभिन्न पौष्टिक तत्वों से भरपूर मंडुवे की रोटी, लाल चावल का भात, गहत का फाणू, चौंसा, भंगजीरे की चटनी भी मिलेगी। यात्री और पर्यटक स्थानीय उत्पादों को होटलों और बाजार से भी खरीद सकेंगे। यह जानकारी अन्तराष्ट्रीय मिलेट मिशन–2023 के अन्तर्गत मिलेट उत्पादों को बढावा देने हेतु सोमवार को कृषि महोत्सव (खरीफ) के शुभारंभ अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ.ललित नारायण मिश्र ने दी। कृषि महोत्सव के तहत सभी न्याय पंचायतों में गोष्ठियों के माध्यम से कृषकों को मिलेट मिशन के बारे में जानकारी दी जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला पंचायत परिसर गोपेश्वर से कृषि रथों को रवाना करते हुए कृषि महोत्सव का शुभारंभ किया। जिला पंचायत सभागार में आयोजित कृषि महोत्सव के उद्घाटन समारोह में कृषकों एवं होटल व्यवसायियों के साथ गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। जिसमें कृषकों को मिलेट फसलों की खेती, उनके गुण, पोषक तत्वों के बारे में जानकारी दी गई।

## एक नजर

### शहीद गब्बर सिंह नेगी के गांव में सैनिक स्कूल खोला जाए

नई टिहरी : प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने कहा कि विक्टोरिया क्रास विजेता शहीद गब्बर सिंह नेगी के गांव में सैनिक स्कूल की स्थापना की जानी चाहिए। साथ ही यहां पर युवाओं को सेना में जाने का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। यह बात उन्होंने चंबा में आयोजित मेले में कही।

नेगी ने कहा कि पहाड़ की अपनी वीर गाथाएं हैं। जो प्रेरणादायक है। जिससे युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। मेला समिति के अध्यक्ष इंद्र सिंह नेगी, सचिव आनंद सिंह नेगी, देव सिंह पुंडीर, शक्ति जोशी, संजय बहुगुणा, वीर सिंह पंवार, सोमवारी लाल सकलानी, कैप्टन विजेंद्र सिंह नेगी, महावीर सिंह नेगी, किशन नेगी, रघुभाई जड़धारी, विक्रम भंडार ने विधायक विक्रम सिंह नेगी का अभिनंदन कर मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया।

इस मौके पर कार्यक्रम अध्यक्ष राजेश नौटियाल, संजय नेगी, ब्लॉक प्रमुख प्रदीप रमोला, सूरज राणा, नरेंद्र रमोला, साब सिंह सजवान, अमला सजवान, मोहन रावत, कुसुम नेगी, मोहन रावत, कलम सिंह रावत, प्रेम दत्त थपलियाल, जितेंद्र नेगी, जितेंद्र चौहान, अरविंद बगियाल, सतपाल रावत, संजय रावत, विजय दास, गबर सिंह नेगी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने को कहा

नई टिहरी : नरेन्द्रनगर के गजा कस्बे में मंगलवार को आयोजित होने वाले मेले की व्यवस्थाओं को लेकर नगर पंचायत गजा की अध्यक्ष मीना खाती ने पुलिस, जल संस्थान और नगर पंचायत अधिकारियों के साथ बैठक की।

नपं अध्यक्ष ने कहा कि गजा में वर्षो से पौराणिक मेले का आयोजन होता है, मेला शांति सौहार्द के संपन्न हो इसके लिये सभी के सहयोग की जरुरत है। उन्होंने जल संस्थान से पेयजलापूर्ति हेतु दो टैंकरों की व्यवस्था करने, पुलिस चौकी प्रभारी से यातायात व्यवस्था बनाने, नपं ईओ से कस्बे में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने को कहा।

# जनता दरबार में छाए रहे मार्ग निर्माण और क्षतिग्रस्त पुस्ते के मुद्दे

नई टिहरी : जनता मिलन कार्यक्रम में सीडीओ मनीष कुमार ने 24 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया। अधिकारियों को सम्बंधित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के निर्देश भी दिए। जनता मिलन में नगरपालिका बारातघर नई टिहरी निवासी हरीश भट्ट ने बारातघर की छत पर कमरों के निर्माण के लिए नगरपालिका परिषद निर्देश देने की मांग की। जिस ईओ नगरपालिका टिहरी को प्रकरण में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। प्रधान ग्राम पंचायत सेलूर ने काण्डीखाल सेलूर अगान मंदिर सिद्ध मोटर में क्षतिग्रस्त पुस्ते एवं बैण्ड निर्माण की मांग की। जिस पर एसडीएम टिहरी और ईई लोनिवि को संयुक्त निरीक्षण कर आख्या फोटोग्राफ्स सहित प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। प्रधान ग्राम पंचायत पाटा चम्बा ने ग्राम पाटा में मोबाइल टावर लगाने की मांग की। जिस पर एडीएम को वांछित सूचना संबंधित को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। देवलधार इंटर कॉलेज में छत निर्माण एवं मरम्मत के लिए धनराशि स्वीकृत करने, बिनकखाल से भेंटी मोटर मार्ग, बिनकखाल से कल्दी मोटर मार्ग में टाइल्स निर्माण एवं नाली निर्माण व बिनकखाल के राप्रावि में पेंटिंग कार्य के लिए जिला योजना में प्रस्तावित देने को कहा गया। ग्राम चौन्दणा निवासी बैसाखूलाल ने वन विभाग टिहरी डैम वन प्रभाग में चौकीदार के पद पर नियुक्ति देने की मांग की। जिस पर सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गये। दुध्याड़ी मोटर मार्ग पौनाड़ा के नव निर्माण से क्षतिग्रस्त ताड़ सिंचाई नहर पर पानी चलवाने की मांग की गई। सम्बंधित विभाग को कार्यवाही के निर्देश दिए। इस मौके पर एडीएम केके मिश्र, पीडी प्रकाश रावत, जिला सेवायोजन अधिकारी विनायक श्रीवास्तव, जीएम डीआईसी महेश प्रकाश, जिला शिक्षा अधिकारी वीके ढौंडियाल, जिला समाज कल्याण अधिकारी केएस चौहान, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी साक्षी शर्मा आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# लोकतंत्र के सुदृढ़ीकरण में ग्राम पंचायतों एवं ग्राम सभाओं का अहम योगदान

नई टिहरी : राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस के अवसर पर जिला सभागार में पंचायत प्रतिनिधियों और ग्राम सभाओं के प्रधानों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का डीडी न्यूज पर प्रसारित लाइव संबोधन सुना।

इस मौके पर सीडीओ मनीष कुमार ने राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस की बधाई देते हुए कहा कि पंचायत राज प्रणाली देश के सबसे पुराने शासी संगठनों में से एक है। सीडीओ ने कहा कि पंचायती राज दिवस बहुत महत्वपूर्ण है, लोकतंत्र के सुदृढ़ीकरण में ग्राम पंचायतों एवं ग्राम सभाओं का अहम योगदान होता है। ग्राम पंचायतों एवं ग्राम सभाओं को सुदृढ़ करने को सभी विभागों का समावेश जरूरी है। अधिकारी ग्राम पंचायतों में योजनाओं को पहुंचाने का कार्य करें, ताकि ग्राम सभाएं एवं ग्राम पंचायतें सुदृढ़ एवं सशक्त हो सकें।

प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के निर्देशन में जनप्रतिनिधियों का सहयोग लेकर नागरिकों की आर्थिकी, सामाजिक परिवेश आदि को मजबूत कर समग्र एवं सशक्त समाज के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। ब्लॉक प्रमुख जाखणीधार सुनीता देवी ने कहा कि अधिकारी व जनप्रतिनिधि मिलकर काम करें। ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों को प्राप्त हो सके। जिला पंचायत राज अधिकारी एमएम खान ने आधुनिक भारत में प्रथम बार तत्कालीन प्रधानमंत्री के राजस्थान के नागौर जिले के बगधरी गांव में 2 अक्टूबर 1959 को पंचायती राज व्यवस्था लागू की गई। पंचायती राज दिवस 24 अप्रैल को मनाया जाता है। इसकी शुरुआत 2010 में की गई है। इस मौके पर एडीएम केके मिश्र, पीडी प्रकाश रावत, जिला सेवायोजन अधिकारी विनायक श्रीवास्तव, जीएम डीआईसी महेश प्रकाश, जिला शिक्षा अधिकारी वीके ढौंडियाल, जिला समाज कल्याण अधिकारी केएस चौहान, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी साक्षी शर्मा आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# डीएम अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई का आयोजन,96 शिकायतें प्राप्त

देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में आज 96 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें अतिक्रमण हटाने, पुश्तैनी भूमि पर कुरों में हुई त्रुटि को दुरुस्त करवाने, फ्रॉड की गई धनराशि वापस दिलाने, पड़ोसियों द्वारा मारपीट करने, बालिका को उच्च शिक्षा दिलाने,आर्थिक सहायता दिलाने, घर में बरसात के दौरान सड़क का पानी घुसने, बिजली का बिल अधिक आने, निजी भूमि एवं वन भूमि के बीच सीमांकन करवाने, समाज कल्याण विभाग की पेंशन लगवाने, दिव्यांग को रोजगार दिलवाने एवं आगे की शिक्षा पूर्ण करवाने, आरटीई के तहत एडमिशन दिलवाने,सूडान से पति को वापस लाने, आपसी विवाद आदि शिकायतें प्राप्त हुई।

जनसुनवाई में शिकायतकर्ता द्वारा पुनः जनसुनवाई में अपनी शिकायत रखे जाने को जिलाधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को चेतावनी दी कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जनसुनवाई में आने वाले प्रकरण बिना कार्रवाई के वापस ना आए यदि किन्ही कारणों से कार्रवाई संभव न हो तो संबंधित शिकायतकर्ता को भी सूचित करें। यदि कोई प्रकरण इस प्रकार के आते हैं जिस पर विभाग द्वारा कोई कार्रवाई एवं आख्या नहीं दी गई है तो संबंधित विभागीय अधिकारी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



तहसील डोईवाला क्षेत्र अंतर्गत माजरीग्रांट में प्लाटिंग कर भूमि विक्रय करने तथा धनराशि लेकर कब्जा न देने पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी डोईवाला को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जानकारी प्राप्त करने पर एमडीडीए के अधिकारियों ने बताया कि उक्त क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग को पूर्व में ही ध्वस्त कर दिया गया है।

जिलाधिकारी ने भूमि धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों को देखते हुए आम जनमानस से अनुरोध किया है कि वह भूमि क्रय करने से पहले 12 साला एवं 3 साल का विवरण अवश्य देख लें अथवा भूमि के अभिलेख जांच करवा लें साथ ही रजिस्ट्रार को निर्देशित किया कि रजिस्ट्री के समय बंधक भूमि जांच कर ली जाए जिससे लोग भूमि संबंधी फर्जीवाड़े से बच सकें।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान, अपर जिलाधिकारी डॉ एसके बरनवाल एवं रामजीशरण शर्मा, अपर मुख्य नगर अधिकारी नगर निगम जगदीश लाल, उप जिला अधिकारी मुख्यालय शालिनी नेगी, संयुक्त मैजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, निदेशक ग्रामीण विकास अभिकरण आरसी तिवारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी शशिकांत गिरी, जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट, जिला समाज कल्याण अधिकारी गोवर्धन, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी विद्याधर कापड़ी, विद्युत, पीएमजीएसवाई, जल संस्थान, पेयजल निगम, लोनिवि आदि संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे तथा उप जिलाधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे।

# परशुराम चौक की मांग को लेकर मेयर को ज्ञापन



देहरादून। राजधानी के ग्यारह ब्राह्मण घटक संगठनों के प्रतिनिधि संगठन "ब्राह्मण समाज महासंघ" के प्रतिनिधि मंडल ने आज राजधानी में भगवानपरशुराम चौक की मांग को लेकर एक मांग पत्र माननीय मेयरसुनील उनियाल गामा को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश के तीस लाख ब्राह्मण बंधुओं की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए भगवानविष्णु जी के अवतार परशुराम जी के सम्मान में राजधानी में परशुराम चौक की स्थापना की जाए। मेयर गामा जी ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि वे उक्त मांग को पूर्ण कराने का प्रयास करेंगे।

प्रतिनिधि मंडल ने मांगपत्र में निरंजनपुर मंडी समिति के चौराहे को परशुराम चौक करने का सुझाव रखा है। ज्ञापन देने से पूर्व महासंघ के प्रतिनिधि मंडल ने महापौर जी का अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया गया।

## बीपीएड बेरोजगारों का शिक्षा मंत्री के आवास के बाहर प्रदर्शन

देहरादून। बेसिक स्कूलों में शारीरिक शिक्षक नियुक्ति की मांग को लेकर बेरोजगारों ने शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के सरकारी आवास के बाहर सांकेतिक प्रदर्शन किया।

सोमवार को बीपीएड–एमपीएड प्रशिक्षित बेरोजगार संगठन के पदाधिकारी शिक्षा मंत्री से मिलने के लिए उनके यमुना कालोनी स्थित आवास पहुंचे। लेकिन मंत्री उस वक्त आवास में नहीं थे। इससे बेरोजगारों को गुस्सा भड़क उठा।

# मलेरिया से बचाव एवं लक्षण तथा उपचार की जानकारी दी

देहरादून।मुख्य चिकित्साधिकारी ने अवगत कराया है कि 25 अप्रैल 2023 को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। मुख्य चिकित्साधिकारी ने मलेरिया से बचाव एवं लक्षण तथा उपचार की जानकारी देते हुए बताया कि यह मादा ऐनाफिलीज मच्छर, मलेरिया के रोगी को काटने के बाद मलेरिया के कीटाणु स्वस्थ मनुष्य तक पहुँचाती है।

इसमें सर्दी व कम्पन के साथ एक दो दिन छोड़कर बुखार आता है। अचानक बहुत ठण्ड लगकर तेज बुखार और दाँत का बजना, रोगी बहुत ओढ़ावन ओढ़ना चाहता है। शरीर में जलन, सिर व बदन दर्द, फिर पसीना आकर बुखार का उतरना, बुखार उतरने के बाद थकावट व कमजोरी होना इसके लक्षण है।उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि मलेरिया होने पर खून की जाँच करायें, सभी राजकीय स्वास्थ्य केन्द्रों/चिकित्सालयों में मलेरिया की जांच एवं उपचार निःशुल्क किया जाता है। खून में मलेरिया के कीटाणु होने पर डॉक्टर/स्वास्थ्य कार्यकर्ता से मूल उपचार अवश्य करायें। इलाज/सलाह के लिए नजदीक के स्वास्थ्य केन्द्र/ चिकित्सालयों में तुरन्त सम्पर्क करें।मलेरिया का मच्छर घर के आस–पास रूके हुये गन्दे पानी में पनपता है। नालियों में कीटनाशक का छिड़काव करें और आस–पास सफाई रखें।पानी के बर्तन/ड्रम /टंकी आदि को ढ़ककर रखें तथा गमलों आदि में पानी एकत्र न होने दें। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। घर में कीटनाशक दवा का छिड़काव करें। कूलर/पानी की टंकी एवं फ्रिज के पीछे की ट्रे का पानी सप्ताह में एक बार अवश्य बदलें/साफ करें।

## 28 को मैटाकुंड में लगेगा बहुउद्देशीय शिविर

**सतपुली** : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी की ओर से आगामी 28 अप्रैल को इंटर कालेज मैटाकुंड में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पीएलवी सतपुली पुष्पेन्द्र राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के प्लान आफ एक्शन के तहत इस शिविर का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी द्वारा करवाया जा रहा है। जिसमें सीनियर सिविल जज व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी शामिल होंगे। इस शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहेंगे, जो कि जन कल्याणकारी योजनाओं आदि की जानकारी देंगे। साथ ही लोगों की समस्याओं का भी शिविर के माध्यम से निस्तारण किया जाएगा।

## सीएपीएफ कैंटीन नए स्थान पर होगी शिफ्ट

**कोटद्वार** : केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की ओर से सिताबपुर स्थित मिनी कैंटीन सिम्मलचौड़ कोर्ट चौराहे से नीचे नया गांव में शिफ्ट की जा रही है। जानकारी देते हुए एएस बिष्ट ने बताया कि प्रक्रिया के दौरान 26 अप्रैल से 2 मई तक कैंटीन बंद रहेगी।

# सावधान : सड़क पर मौत का खतरा, लापरवाह नगर निगम


**◆गाड़ीघाट तिराहे के समीप बीच सड़क पर क्षतिग्रस्त पड़ा है चैंबर**
**◆शिकायत के बाद भी चैंबर मरम्मत की सुध नहीं ले रहा नगर निगम**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : यदि आप बाजार से कुंभीचौड़ का सफर तय कर रहे हैं तो जरा सावधान हो जाएं। दरअसल, गाड़ीघाट तिराहे के समीप बीच सड़क पर क्षतिग्रस्त चैंबर कब आपकी जिंदगी पर काल बन जाए, कहा नहीं जा सकता। लगातार शिकायत के बाद भी नगर निगम उक्त चैंबर की मरम्मत की सुध नहीं ले रहा।

### रात के समय हो रही दुर्घटनाएं

दरअसल, रात के अंधेरे में बीच सड़क पर क्षतिग्रस्त चैंबर दिखाई नहीं देता। जिससे दोपहिया वाहन चालक इसकी चपेट में आने से चोटिल हो रहे हैं। पूर्व में क्षेत्रवासी कई बार चैंबर मरम्मत की मांग उठा चुके हैं। बावजूद इसके निगम सुध लेने को तैयार नहीं है।



कोटद्वार के गाड़ीघाट में बीच सड़क पर खुला चैंबर

उक्त चैंबर पिछले तीन माह में चार से अधिक बार टूट चुका है।

कोटद्वार नगर निगम बनने से जनता को बेहतर विकास की उम्मीद थी। लेकिन, नगर निगम सड़कों पर टूटे चैंबरों की मरम्मत तक नहीं करवा पा रहा है। गाड़ीघाट तिराहे के समीप पिछले दो सप्ताह से लोहे का चैंबर टूटा हुआ है। सीवर लाइन के ऊपर टूटा यह चैंबर हर समय दुर्घटनाओं का न्यौता दे रहा है। चैंबर इतना बड़ा है कि यदि इसमें कोई व्यक्ति गिरा तो उसका बचना भी मुश्किल हो जाएगा। बावजूद नगर निगम लापरवाह बना हुआ है। गाड़ीघाट निवासी शहजाद, नईम ने बताया कि सबसे अधिक खतरा बच्चों को बना हुआ है। क्षतिग्रस्त चैंबर के समीप ही दो विद्यालय भी है। ऐसे में यह चैंबर कब बच्चों के जीवन पर भारी पड़ जाएं कुछ कहा नहीं जा सकता।

# सिद्धबली मंदिर के समीप जंगल में लगी आग, वन संपदा हुई खाक

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : गर्मी का प्रकोप बढ़ने के साथ ही लैंसडौन वन प्रभाग क्षेत्र के जंगल धधकने लगे हैं। हालत यह है कि सोमवार को पूरे दिन सिद्धबली मंदिर के समीप जंगल धधकते रहे। जंगल में आग लगने से सैकड़ों किलोमीटर में फैली वन संपदा जलकर खाक हो गई।

रविवार को कुछ असामाजिक तत्वों ने कोटद्वार के प्रसिद्ध सिद्धबली मंदिर के समीप जंगल में आग लगा दी थी। देर शाम तक आग मंदिर परिसर के आसपास पहुंच गई थी। जिसके बाद मंदिर समिति ने कड़ी मशक्कत के बार परिसर की ओर बढ़ रही आग पर काबू पाया। वहीं, सोमवार को भी पूरे दिन आग जलती रही। जंगल में विकराल हो रही आग से सैकड़ों किलोमीटर में फैली वन संपदा जलकर खाक हो गई। वहीं, जंगल की आग से चारों ओर धुएं का गुब्बार उठा हुआ था। ऐसे में सिद्धबली मंदिर के आसपास रहने वाले लोगों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।



कोटद्वार के सिद्धबली मंदिर के समीप धधकते जंगल

# मुजफ्फरनगर कांड के गवाहों को सुरक्षा मुहैया करवाएं सरकार

**उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी मोर्चा ने उठाई मांग**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी मोर्चा ने 1994 में राज्य आंदोलन के दौरान हुए मुजफ्फरनगर कांड के गवाहों को मुजफ्फरनगर न्यायालय में पेशी के दौरान सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। कहा कि शहीद आंदोलनकारियों व उनके परिवार को न्याय मिलें इस्-िके लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा।

सोमवार को उपजिलाधिकारी के माध्यम से गृह मंत्री अमित शाह को ज्ञापन भेजा गया। उत्तराखंड आंदोलनकारी अधिवक्ता संघ के अधिवक्ता रमन कुमार शाह और उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी मोर्चा के अध्यक्ष महेंद्र सिंह रावत ने कहा है कि राज्य निर्माण आंदोलन के दौरान 2 अक्तूबर 1994 को दिल्ली जाते समय 1 अक्तूबर 1994 की रात्रि को मुजफ्फरनगर के रामपुर तिराहा के पास तत्कालीन यूपी शासन के प्रशासन द्वारा आंदोलनकारियों पर बर्बर कार्रवाई की गई थी, जिसमें हत्याओं, गैंगरेप व छेड़खानी के 6 वाद मुजफ्फरनगर जिला जज की अदालत में चल रहे हैं। मामले में गवाहों की पेशी 2 मई को है। कहा कि आंदोलन के 28 साल बाद आंदोलनकारियों के वादों की साक्ष्य प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। ज्ञापन में केंद्रीय गृह मंत्री से पेशी के दौरान उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के गवाहों को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की गई है ताकि वे निर्भीक होकर न्यायालय में साक्ष्य पेश कर सकें। उन्होंने राजनीतिक संगठनों से भी मदद की अपील की है। कहा कि शहीद आंदोलनकारियों को न्याय मिलें इसके लिए सभी को एकजुट होकर प्रयास करना होगा। इस मौके पर दुर्गा काला, गुलाब सिंह रावत, संजू कश्यप, विनोद अग्रवाल, मान सिंह, जितेंद्र सिंह, हरपाल सिंह नेगी, नंद शिोर डबराल आदि मौजूद रहे।

## आवासीय क्रीड़ा छात्रावास के लिए ट्रायल 27 से

**पौड़ी** : आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में प्रवेश के लिए जिले में 12 से 16 साल तक के बालक और बालिकाओं के जिला और राज्य स्तरीय चयन ट्रायल्स किए जाएंगे। जिला क्रीड़ा अधिकारी गिरीश कुमार ने बताया कि जिला स्तर पर फुटबाल, बॉक्सिंग, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, हॉकी, वालीबॉल, क्रिकेट के लिए कंडोलिया मैदान में 27 व 28 अप्रैल और राज्य स्तर पर 3 व 4 मई को स्पोर्ट्स स्टेडियम रुद्रपुर ऊधमसिंह नगर में ट्रायल होंगे।

## 30 को पूर्व सैनिक सांसद को देंगे ज्ञापन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : वन रैंक वन पेंशन की विसंगतियां दूर करने की मांग को लेकर पूर्व सैनिक कल्याण समिति 30 अप्रैल को पौड़ी में गढ़वाल सांसद को ज्ञापन सौंपेगी। मांडाखाल स्थित पूर्व सैनिक मिलन केंद्र में पूर्व सैनिकों की बैठक में पूर्व सैनिक कल्याण संगठन के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राणा ने वन रैंक वन पेंशन की विसंगतियों से पूर्व सैनिकों को अवगत कराते हुए कहा कि यह आंदोलन पूरे देश में जोर शोर से चल रहा है। देश के सभी लोगों का हमारे आंदोलन को समर्थन मिल रहा है। कहा कि वन रैंक वन पेंशन की विसंगतियों को दूर करने के लिए चलाए जा रहे आंदोलन से सरकार भी डरी हुई है। उन्होंने कहा कि 30 अप्रैल को सांसदों को देशभर में ज्ञापन ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसी क्रम में जिला मुख्यालय पौड़ी में भी गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत को भी पूर्व सैनिक ज्ञापन सौंपेंगे।

# बडोनी चौक से योगनगरी रेलवे स्टेशन तक अतिक्रमण पर कार्रवाई

ऋषिकेश। चारधाम यात्रा के मद्देनजर तहसील और नगर निगम प्रशासन ने दून रोड पर इंद्रमणि बडोनी चौक से योगनगरी रेलवे स्टेशन तक अतिक्रमण पर बड़ी कार्रवाई की। एक दर्जन से अधिक अवैध खोखों को जेसीबी से उखाड़ फेंका। अतिक्रमणकारियों का सामान भी जब्त कर लिया। औचक कार्रवाई से हड़कंप की स्थिति रही।

तहसीलदार डॉ. अमृता शर्मा ने दोबारा अतिक्रमण करने पर कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। सोमवार को अतिक्रमण के चलते बेहाल ट्रैफिक व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए तहसील और नगर निगम प्रशासन ने पुलिस के सहयोग से अतिक्रमण पर कार्रवाई की। दोपहर एक बजे तहसीलदार डॉ. अमृता शर्मा के नेतृत्व में दून रोड इंद्रमणि बडोनी चौक से आगे रेलवे फ्लाईओवर के पास अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई शुरू की गई। यहां एक पेट्रोल पंप के पास रखे खोखे को जेसीबी ने उखाड़ फेंका। रेहड़ी, पटरी लगाकर सड़क घेरने वालों को भी खदेड़ा। अतिक्रमण हटाने वाली टीम बडोनी चौक से हरिद्वार बाईपास मार्ग पर तहसील चौक की ओर बढ़ी और सड़क किनारे पसरे अस्थायी अतिक्रमण को हटवाया। अतिक्रमण पर सबसे बड़ी कार्रवाई योगनगरी रेलवे स्टेशन के सामने अनाधिकृत कब्जों पर की गई। बाईपास मार्ग के दोनों ओर एक दर्जन से अधिक खोखों को जेसीबी से उखाड़ फेंका। मलबा नगर निगम के वाहन में भरकर निगम में पहुंचाया गया।

योगनगरी रेलवे स्टेशन के सामने चाय, ढाबे और खाद्य सामग्री बेचने वालों ने मार्ग के किनारे कतार से कब्जा जमा रखा था। खोखे स्थापित कर बकायदा ढाबे का रूप दे रखा था। अवैध कब्जों से बाईपास मार्ग संकरा होने के कारण यहां लोगों को जाम से जूझना पड़ता है। यही नहीं हादसों का भी खतरा बना रहता है। तहसीलदार ने बताया यात्रा सीजन को देखते हुए अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## ओवरऑल चैंपियन बने रितिक और संगीता

ऋषिकेश। सोमवार को ऋषिकेश में आयोजित पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों ने विभिन्न भारोत्तोलन वर्ग में दमखम दिखाया। प्रतियोगिता में ओवरऑल चैंपियन पुरुष वर्ग में रितिक प्रजापति और महिला वर्ग में संगीता राणा बने। हरिद्वार रोड स्थित एसबीएम इंटर कॉलेज के परशुराम सभागार में पहली बार आयोजित पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का उद्घाटन एसोसिएशन सचिव मनीष कुकरेती और अंतरराष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग खिलाड़ी आंचल बिष्ट ने संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए प्रतिभागियों ने बढ़–चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के विजेता खिलाडियों का चयन राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए किया गया।

## भाजपा ओबीसी मोर्चा ऋषिकेश की नवनियुक्त कार्यकारिणी को किया सम्मानित

ऋषिकेश। शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना से कार्य कर रही है। भाजपा कार्यकर्ता सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर जनता के बीच जाएं। सोमवार को भाजपा ओबीसी मोर्चा ऋषिकेश की नव नियुक्त कार्यकारिणी मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के आवास पर पहुंची। मंत्री प्रेमचंद ने नई कार्यकारिणी को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया और आगामी चुनावों के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन को आगे बढ़ाने में ओबीसी मोर्चा का बड़ा योगदान है। भाजपा में कार्यकर्ताओं को पूरा सम्मान मिलता है। योग्यतानुसार उन्हें जिम्मेदारी भी सौंपी जाती है।

# गैर पंजीकृत वाहनों से किया जा रहा लौट पतान की निकासी

**वन विकास निगम कर्मचारी संगठन ने दिया प्रबंधन को ज्ञापन**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : वन विकास निगम कर्मचारी संगठन ने विभाग पर लौट पतान के बाद गैर पंजीकृत वाहनों से उनके निकासी का आरोप लगाया है। कहा कि इससे भविष्य में विभाग को माल भाडा के रूप में मिलने वाले राजस्व की भी हानि हो सकती है। इस ओर गंभीरता से ध्यान दिया जाना अति आवश्यक है।

समस्या के संबंध में उत्तराखंड वन विकास निगम कर्मचारी संगठन के प्रभागीय अध्यक्ष गणेश जुयाल ने प्रभागीय वन विकास प्रबंधक को ज्ञापन भेजा। उन्होंने कहा कि लैंसडौन वन प्रभाग के कोटड़ी व लालढांग रेंज से प्रभाग को आवंटित लौटो का पातन एवं कंधा डुलान कार्य टेंडर के माध्यम से करवाया गया था। लेकिन, पातन के बाद लौटो के प्रकाष्ट निकासी का कार्य वभागीय तौर पर गैर पंजीकृत ट्रैक्टरों से करवाया जा रहा है। यह ट्रैक्टर कृषि के लिए खरीदे गए हैं।


ऐसे में विभाग को भाडा के रूप में मिलने वाले राजस्व की हानि हो सकती है। वहीं, कालागढ़ वन प्रभाग के अंतर्गत पाखरो रेज में लौट पातन में अनियमित्ता पाते हुए चार कर्मचारियों के खिलाफ एक तरफा कार्रवाई की जा रही है। जिससे समस्त कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। कहा कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच होनी चाहिए। इस दौरान कर्मचारियों को सातवें वेतन मान के एरियर की दूसरी व तीसरी किस्त का भुगतान करने की भी मांग उठाई गई।

# एसजीआरआर कॉलेज देहरादून के छात्र संघ अध्यक्ष का सतपुली भव्य स्वागत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**सतपुली** : एसजीआरआर पीजी कॉलेज देहरादून में निर्वाचित छात्रसंघ अध्यक्ष पार्थ जुयाल व अध्यक्ष छात्र परिषद प्रिंस भट्ट सोमवार को अपने गृह नगर सतपुली में पहुंचे। नगर वासियों ने सतपुली के मुख्य द्वार पर फूलमाला और ढोल नगाड़ों के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान नगर में स्वागत रैली निकाली गई।

इस मौके पर नगर वासियों ने पार्थ जुयाल को छात्रसंघ अध्यक्ष बनने पर बधाई देते हुए कहा कि छोटे से नगर से निकलकर देहरादून महानगर में ये मुकाम हासिल करना नयारघाटी सतपुली के लिए गर्व की बात है। इस दौरान पार्थ जुयाल ने स्वागत समारोह के लिए सभी नगर वासियों का आभार व्यक्त किया। वहीं पार्थ जुयाल की मां इंदु जुयाल अपने वक्तव्य के दौरान भावुक हो गई।



सतपुली बाजार में स्वागत रैली निकालते हुए नगरवासी।

इस मौके पर एबीवीपी प्रदेश सह मंत्री ऋषभ रावत, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष गिरीश भट्ट, देहरादून महानगर सहमंत्री राहुल जुयाल, पूर्व प्रधान जगदंबा डंगवाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष जयदीप नेगी, कोषाध्यक्ष सुनील डंडरियाल, सत्यनारायण वेदी, रोहन नेगी, पंकज डोबरियाल, कुसुम खंतवाल सहित नगरवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सत्यनारायण वेदी व प्रिंस भट्ट ने संयुक्त रूप से किया।

# 800 मीटर दौड़ में रजत ने मारी बाजी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : राठ महाविद्यालय पैठाणी में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता शुरू हो गई है। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य डा. जितेंद्र कुमार नेगी ने सभी छात्र-छात्राओं को बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी। कहा कि हमारे महाविद्यालय के छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर तक जाकर नाम रोशन किया है।

प्रतियोगिता में कला, शिक्षा एवं शारीरिक शिक्षा विभाग प्रतिभाग कर रहें हैं। इस अवसर पर 200 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग में बीपीएड के मोहन, रजत, विकास, 800 मीटर पुरुष वर्ग में रजत, मुकेश कुमार व गोपी भट्ट क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद महिला वर्ग में निकिता, कमला, डिंपल व पुरुष में रितिक, विकास, मोहन ने क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। इस मौके पर विभागाध्यक्ष डा. गोपेश सिंह, राम सिंह नेगी, उमेश बंसल, डा. लक्ष्मी नौटियाल, डा. शिवेंद्र सिंह, वीरेंद्र चंद, देवकृष्ण, राजीव दुबे, प्रदीप कुमार, अरविंद कुमार, अखिलेश सिंह, मनोज सिंह, मंजीत भंडारी, राज कुमार पाल, मुकेश गोदियाल, क्रांतिबल्लभ, राकेश कुमार आदि शामिल थे।

## अभिनव ने जीता गोल्ड

श्रीनगर गढ़वाल : देहरादून में 23 अप्रैल को आयोजित पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में श्रीनगर उफल्डा के अभिनव बिष्ट ने 59 किग्रा भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं जूनियर वर्ग में अभिनव ने बैन्च प्रेस में 100 किग्रा भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता है। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों और स्थानीय लोगों ने खुशी जाहिर की है। (एजेंसी)

# डेढ़ साल की बच्ची को छोड़कर विवाहिता लापता

**पौड़ी** : तहसील पौड़ी के एक राजस्व क्षेत्र स्थित गांव की एक विवाहिता डेढ़ साल की मासूम बच्ची को छोड़कर लापता हो गई है। राजस्व पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर लापता विवाहिता की खोज शुरू कर दी है।

नायब तहसीलदार पौड़ी हरेंद्र खत्री ने बताया कि तहसील के एक राजस्व क्षेत्र स्थित गांव की एक विवाहिता बीते 17 अप्रैल की सुबह 8 बजे परिजन के यहां जाने की बात कहकर घर से निकली थी। शाम तक जब विवाहिता घर नहीं लौटी, तो परिजनों ने संबंधित परिजन से संपर्क किया। परिजन ने विवाहिता के उसके घर नहीं आने की बात कही। जिसके बाद उन्होंने लगातार संभावित स्थानों में विवाहिता की तलाश की। लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। विवाहिता के पति ने अब राजस्व पुलिस को तहरीर सौंप गुमशुदगी दर्ज कराई है। नायाब तहसीलदार ने बताया कि तहसील के एक राजस्व क्षेत्र के गांव से एक विवाहिता लापता होने की गुमशुदगी दर्ज कर खोज शुरू कर दी गई है।

## 7.10 ग्राम स्मैक के साथ दो युवक गिरफ्तार

**कोटद्वार** : कोतवाली पुलिस ने 7.10 ग्राम स्मैक के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

वरिष्ठ उपनिरीक्षक जगमोहन रमोला ने बताया कि सोमवार को पुलिस बीईएल रोड में गश्त कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को दो युवक संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए नगर आए। तलाशी के दौरान दोनों की जेब से स्मैक बरामद हो गई। आरोपियों की पहचान पदमपुर सुखरो निवासी मनीष नेगी व सिताबपुर निवासी आलोक के रूप में हुई है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# गौशालाओं के विस्तारीकरण को लेकर रूपरेखा तैयार करें : सीडीओ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पांडे ने जनपद के निकायों के अंतर्गत निराश्रित पशुओं के लिए गौशालाओं की स्थिति को लेकर निकायों के अधिशासी अधिकारियों की वीसी के माध्यम से बैठक ली। उन्होंने गौशालाओं का संचालन करने के लिए एनजीओ से बात करने को कहा। सीडीओ श्रीनगर, कोटद्वार, स्वर्गाश्रम व पौड़ी निकाय के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गौशालाओं के विस्तारीकरण हेतु रूपरेखा तैयार करें।

मुख्य विकास अधिकारी ने नगर निकायों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन निकाय क्षेत्रान्तर्गत गौशाला संचालित है वे उन गौशालाओं के विस्तारीकरण एवं जिन निकायों में गौशाला स्थापित नहीं है वे भूमि चिह्नित करने लिए संबंधित उप जिलाधिकारियों से समन्वय स्थापित करें। बैठक में बताया गया कि श्रीनगर, कोटद्वार, स्वर्गाश्रम व पौड़ी में 1-1 गौशाला है, जिसकी क्षमता निराश्रित पशुओं के लिए पर्याप्त नहीं है। उन्होंने अन्य निकायों के अंतर्गत कोई गौशाला संचालित नहीं है जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिशासी अधिकारियों को संबंधित उप जिला अधिकारियों से संपर्क करते हुए भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी ने वर्तमान में संचालित गौशाला के विस्तारीकरण को लेकर अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि वे भूमि चयन के लिए अवस्थित गौशाला के आस-पास की भूमि को प्राथमिकता दें। बैठक मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. पीएस बिष्ट सहित निकायों के अधिशासी अधिकारी उपस्थित थे।

# श्रमिक दिग्दर्शिका पुस्तक का किया विमोचन




**जयन्त प्रतिनिधि।**

काशीपुर : गत रविवार को तारावती सरोजनी देवी बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में राष्ट्र भारती द्वारा निर्मित पुस्तक श्रमिक दिग्दर्शिका का विमोचन किया गया।

इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए प्रांत सहसेवा प्रमुख सुरेश सुयाल ने कहा की यह पुस्तक सभी के लिए उपयोगी है और सभी इस पुस्तक से लाभ लेंगे। इससे श्रमिकों का सशक्तिकरण बढ़ेगा और समाज में समरूपता व समरसता आएगी। कार्यक्रम को विद्यालय के प्रबंधक दीपक मित्तल, कुमाऊँ संयोजिका श्रीमती शैली शर्मा ने भी सम्बोधित किया। राघवेन्द्र नागर की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष छवी दत्त जोशी, प्रदेश मंत्री सुनील रोहेला, प्रांत कोषाध्यक्ष विक्रम चौधरी, प्रांत संयोजक अश्वनी शर्मा, कुमाऊं संयोजिका श्रीमती शैली शर्मा, नगर अध्यक्ष सत्यपाल सिंह, नगर उपाध्यक्ष तूलाराम चौहान, नगर संयोजक ज्योतिर्मयी बिष्ट, मनोज प्रजापति, दीपक रावत, अंगद गुप्ता, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नगर मंत्री मोहित विश्नोई एवं अश्वनी शर्मा ने संयुक्त रूप से संचालन किया।

## एनपीएस बुक को अपडेट रखें

पिथौरागढ़ : राष्ट्रीय पेंशन योजना को लेकर कर्मचारियों को एकदिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें एनपीएस बुक को अपडेट रखने के लिए कहा गया। कहा कि सभी कार्यों को ऑनलाइन किया जाए।

सोमवार को जिला पंचायत सभागार में मुख्य कोषाधिकारी वीरेंद्र रावत की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस मौके पर उपकोषागार, कोषागार कर्मियों के साथ सभी विभागों के आहरण–वितरण अधिकारियों को विस्तार से जानकारी दी गई। सभी को राष्ट्रीय पेंशन योजना से संबंधित कार्यों के बारे में बताया गया। इस दौरान कोषाधिकारी ने कहा कि एनपीएस की बुक को अपडेट रखें। उन्होंने सभी कार्यों को ऑनलाइन करने के आदेश दिए।

# पंचायतें ग्राम स्वराज की मूल अवधारणा से कोसों दूर

अल्मोड़ा : लोक प्रबंध विकास संस्था की ओर से पंचायतीराज दिवस पर ग्राम स्वराज की स्थापना में पंचायतों की भूमिका चुनौतियां एवं संभावनाएं विषय पर गोष्ठी आयोजित की गई।

गोष्ठी में 73वें संविधान संशोधन और पंचायती राज व्यवस्था आदि पर चर्चा हुई। सोमवार को इनाकोट बसोली में आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि 73वें संविधान संशोधन द्वारा पंचायती राज व्यवस्था के जरिए स्थानीय स्वशासन की कल्पना की गई थी। जनता के पास वे सारे अधिकार होंगे, इससे वे विकास की प्रक्रिया को जरूरत और प्राथमिकता के आधार पर मनचाही दिशा दे सकें। लेकिन वर्तमान में संशोधन के 30 वर्ष बीत जाने के बाद भी पंचायतें ग्राम स्वराज की मूल अवधारणा से कोसों दूर हैं। कहा कि आज पंचायतें तमाम परेशानियों से जूझ रही हैं। ग्राम विकास के अधिकांश कार्य मनरेगा के तहत किये जाने हैं, लेकिन एमएमएस की बाध्यता के चलते कार्य करना कठिन हो रहा है। गोष्ठी में ग्राम प्रधान दीप नारायण भाकुनी, महेश कुमार, ईश्वर जोशी, बालम सिंह सुयाल, देव सिंह पिलख्वाल, चंदन सिंह बिष्ट, चंपा मेहता, दीप्ति भोजक, किशोर तिवारी, राजेंद्र प्रसाद, कृष्ण कुमार, भावना लोहनी, रेखा नगरकोटी, तारा नगरकोटी, ममता भंडारी, बहादुर मेहता, डूंगर सिंह भाकुनी, रवि समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे। (एजेंसी)

## सट्टा लगाने के आरोप में एक गिरफ्तार

पिथौरागढ़ : क्रिकेट में हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ/सट्टा चलाने वालों के विरुद्ध सतर्क दृष्टि रखते हुए कोतवाली धारचुला उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार के नेतृत्व में कांस्टेबल हरिओम शर्मा, शंकरलाल पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान लाला राम पुत्र स्व. राम भरोसे निवासी सरफराज खाँ, कोतवाली पिलीभीत उत्तर प्रदेश हाल निवासी गर्ब्याल खेड़ा धारचुला को मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान के पास क्रिकेट में सट्टा लगाते हुए गिरफ्तार किया गया,

# फार्मासिस्टों ने मांगों को लेकर खोला मोर्चा

अल्मोड़ा : फार्मासिस्टों का पद नाम बदलने समेत लंबित मांगों के निराकरण को लेकर फार्मासिस्टों ने मोर्चा खोल दिया है। चरणबद्ध आंदोलन के तहत सोमवार को पहले दिन फार्मासिस्टों ने बांह पर काला फीता बांध आक्रोश जताया। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन को तेज करने की भी चेतावनी दी। इस मौके पर फार्मासिस्टों ने कहा कि दो साल की सेवा पर मिलने वाले नॉन फंक्शनल वेतनमान को इंगनोर करते हुए एसीपी का लाभ देने, आईपीएचएस के मानकों में संशोधन कर फार्मासिस्टों के पदों को बढ़ाने, रिक्त पदों के सापेक्ष पदोन्नती करने, पोस्टमार्टम भत्ता बढ़ाने, वीआईपी चार धाम ड्यूटी में लगे पदों को क्रियाशील करने, गोल्डन कार्ड की विसंगतियों को दूर करने की मांग कर रहे हैं। मांगों के निराकरण को लेकर विभिन्न माध्यमों से सरकार को चेताने का भी काम कर चुके हैं। लेकिन इसके बाद भी कर्मचारियों की मांगों पर गौर नहीं किया जा रहा है। इससे कार्मिकों के अंदर रोष बढ़ रहा है। फार्मासिस्टों ने एक स्वर में जल्द से जल्द समस्याओं पर सकारात्मक कार्यवाही की मांग की है। इस मौके पर मनोज पांडे, श्याम लाल, जेएस देवड़ी, जेएस मनराल, वीडी साह, पवन जोशी, चंपा, श्वेता सैनी, डीएन जोशी, आर भोज समेत जिला, महिला, बेस और सीएमओ कार्यालय में तैनात फार्मासिस्टों ने बाह में काला फीता बांध विरोध जताया। (एजेंसी)

## निजी स्कूलों के खिलाफ धरना जारी

पिथौरागढ़ : नगर में निजी स्कूलों के खिलाफ विभिन्न संगठनों का धरना तीसरे दिन भी जारी रहा।

सोमवार को जाग उठा पहाड़ के संयोजक गोपू महर के नेतृत्व में लोग गांधी चौक में एकत्र हुए। इस दौरान उन्होंने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और धरने में बैठ गए। वक्ताओं ने कहा कि शुल्क के नाम पर निजी विद्यालय लोगों से धन वसूली कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जब तक विद्यालय प्रबंधन अभिभावकों को री एडमिशन, मेटिरियल, मेंटिनेंस, फीस वापस नहीं करेंगे आंदोलन जारी रहेगा। (एजेंसी)

# पूर्व सैनिक सांसद को सौंपेगे ज्ञापन

अल्मोड़ा : अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की ओर से बैठक की गई। इसमें पूर्व सैनिकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई।

तय किया गया कि ओआरओपीएस-2 की विसंगतियों को दूर करने की मांग को अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ संसदीय क्षेत्र के सांसद अजय टम्टा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा जाएगा। परिषद कार्यालय धारानौला में सोमवार को आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि पूर्व सैनिक लंबे समय से ओआरओपीएस-2 की विसंगतियों को दूर करने की मांग कर रहे हैं। पूर्व में समस्याओं के निराकरण को धरना–प्रदर्शन और जुलूस के माध्यम से विरोध जता चुके हैं। सरकार उनकी मांगों को लगातार अनदेखा कर रहीं है। इससे पूर्व सैनिकों में भारी रोष व्याप्त है। बैठक में तय किया गया कि 30 अप्रैल को पूर्व सैनिक सांसद को मांगों के निराकरण को ज्ञापन सौपेंगे।

इस मौके पर बैठक में परिषद के अध्यक्ष सेवानिवृत्त सुबेदार आनंद सिंह बोरा, पीजी गोस्वामी, केशव दत्त पांडे, विनोद गिरी, सुरेंद्र टम्टा, प्रकाश बोरा, त्रिलोक सिंह, रघुवीर सिंह सांगा, दान सिंह, हरीश सिंह, शेर सिंह, हुकम सिंह आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## पुलिस ने अपराध को लेकर जागरूक किया

अल्मोड़ा : जिलेभर में पुलिस का जागरूकता कार्यक्रम जारी है। सोमवार को अल्मोड़ा पुलिस ने केएमओयू स्टेशन समेत आदि स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया। इस दौरान लोगों को उत्तराखंड पुलिस एप की ऑनलाइन सेवाओं की जानकारी देकर एप डाउनलोड कराकर सुविधाओ का लाभ प्राप्त करने को जागरुक किया गया। वहीं साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, गौराशक्ति, सड़क सुरक्षा व हेल्पलाइन नंबर 1930 ,1090, डायल 112, थानाध्यक्ष, महिला थाना व महिला हेल्पडेस्क नंबरों की जानकारी की जानकारी दी। (एजेंसी)

# पूर्व सैनिकों ने मांगों को लेकर अंबीवाला में निकाली रैली

देहरादून। ओआरओपी और एमएसपी को लेकर आंदोलन कर रहे पूर्व सैनिकों ने सोमवार को अंबीवाला क्षेत्र में रैली निकाली। इससे पहले पूर्व सैनिक यहां शारदा वेडिंग प्वाइंट में इकट्ठा हुए। वहां उन्होंने अपनी मांगों लेकर आंदोलन मजबूत करने की रणनीति बनाई।

गौरव सैनानी एसोसिएशन के बैनर तले सोमवार को श्यामपुर, ठाकुरपुर, लक्ष्मीपुर, उम्मेदपुर, देवीपुर, प्रेमनगर, स्मिथ नगर, राघव विहार, बनियावाला, पीताम्बरपुर, गोरखपुर व आसपास के पूर्व सैनिक अंबीवाला में इकट्ठा हुए। इस मौके पर संगठन से जुड़े खुशाल सिंह परिहार ने कहा कि पूर्व सैनिकों को अपने हकों की बातें बहुत कम पता है। इसलिए गौरव सैनानी एसोसिएशन राज्य के हर जिले में जाकर पूर्व सैनिकों को इन विसंगतियों के बारे में संक्षिप्त जानकारी दे रहा है। गिरीश जोशी ने कहा कि प्रत्येक दिन गौरव सैनानी एसोसिएशन लोगों को आंदोलन में जोड़ रहा है। एसोसिएशन के अध्यक्ष महावीर सिंह राणा ने बताया पूर्व सैनिकों को हमेशा गुमराह किया गया। पे कमीशन कमेटी के अधिकारियों ने हमेशा अपने हित को ऊपर रखा। जेसीओ व जवानों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। ओआरओपी, एमएसपी, वीर नारियों की पेंशन, विकलांगता पेंशन, वीआरएस, उपनल हर जगह अफसर और सैनिकों में मिलने वाले लाभ में विसंगतियां हैं।

# समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान खोजना चाहिए-राज्यपाल

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) सोमवार को राजभवन से दून विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश–उत्तर-रखण्ड आर्थिक संघ (वढ–वएअ) के 18वें सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि वर्चुअली सम्बोधित किया। उत्तराखण्ड और उत्तर प्रदेश भारत के सबसे तेजी से बढ़ते राज्यों में हैं, और हमने मिलकर पिछले कुछ वर्षों में व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से महत्वपूर्ण प्रगति की है। उन्होंने कहा कि दोनों राज्यों ने अपने–अपने विकास पथ चुने हैं, तो अवसरों को साझा करने के साथ साथ हमने कुछ सामान्य चुनौतियों का सामना भी किया है।

राज्यपाल ने कृषि की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि कृषि दोनों राज्यों के लिए एक प्राथमिक उद्योग है। हमारा आधे से अधिक कार्यबल विभिन्न प्रकार के अनाज, जैविक उत्पादन और फसलों के निर्माण, उत्पादन और विकास में शामिल है। साथ ही प्राकृतिक आपदा, मौसम की स्थिति, सिंचाई के खतरों और सीमित बाजार पहुंच के कारण, दोनों राज्यों को चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उन्होने कहा कि इन समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान खोजना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि अवस्थापना इस एसोसिएशन की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक है जो दोनों राज्यों में आर्थिक विकास में वृद्धि का सूचक है। हम कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए बुनियादी ढांचे के निर्माण की दिशा में अथक प्रयास कर रहे हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि उत्तर प्रदेश या उत्तराखण्ड में रहने वाले प्रत्येक नागरिक के पास बिजली, सड़क और पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं हों। हमारी राज्य सरकारों ने भी स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने के लिए कई पहल की हैं और शिक्षा को सभी के लिए सुलभ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे है।




राज्यपाल ने कहा कि पर्यटन दोनों ही राज्यों के विकास की धुरी है। साहसिक, आध्यात्मिक और वेलनेस संबंधी पर्यटक हर साल बड़ी मात्रा में उत्तराखण्ड आते हैं। उत्तराखण्ड देश के सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थानों का घर है, जिसमें हमारे देश भर के छात्र उपस्थित हैं। अपने योग और वेलनेस के लिए जाने जाने वाले ऋषिकेश साल–दर–साल पर्यटकों के स्कोर को आकर्षित करते हैं। उन्होंने कहा विकास और विकास पर विचार–विमर्श करने के लिए, हमें पहले अपनी धारणा को पहचानना होगा और स्थायी और समावेशी विकास के प्रति इसके बड़े स्वरूप को आकार देना होगा। क्षेत्रीय विकास दोनों राज्यों की वृद्धि और प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है, और यह आवश्यक है कि सरकार और अन्य हितधारक इन राज्यों के विभिन्न क्षेत्रों में संतुलित विकास प्राप्त करने की दिशा में काम करें।

राज्यपाल ने कहा कि हमें ध्यान देना होगा कि विकास और प्रगति के इस मार्ग में हम महिलाओं की भी अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित कर सकें।

महिला सशक्तिकरण से ही हम सशक्त समाज का निर्माण कर सकते हैं। राज्यपाल ने आशा व्यक्त की कि इस सम्मेलन की चर्चाओं और विचार विमर्श से सार्थक परिणाम प्राप्त होंगे और सम्मेलन से निकलने वाली सिफारिशें और समाधान उत्तराखण्ड और उत्तर प्रदेश में औद्योगिक क्षेत्र के भविष्य को आकार देने में मदद करेगी।

# भारत विकास परिषद देहरादून ग्रेटर के अध्यक्ष बने कृष्ण, सचिव जयप्रकाश

देहरादून। भारत विकास परिषद के देहरादून ग्रेटर शाखा के शपथ ग्रहण समारोह में प्रांतीय महासचिव एवं अधिष्ठापन अधिकारी मनीषा सिंघल ने वर्ष 2023–24 के कृष्ण कुमार अरोड़ा को अध्यक्ष, डॉ. जय प्रकाश सेमवाल को सचिव, गिन्नी नेगी को महिला संयोजिका समेत अन्य कार्यकारिणी सदस्यों को पद व गोपनियता की शपथ दिलाई। सहारनपुर रोड स्थित होटल एलीसी में देहरादून ग्रेटर शाखा के शपथ ग्रहण समारोह की मुख्य अतिथि डॉली डबराल, प्रांतीय अध्यक्ष बीपी गुप्ता की मौजूदगी में शाखा में 15 नए सदस्यों को परिषद की सदस्यता की शपथ दिलवायी गई। प्रांतीय अध्यक्ष ने पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों को माल्यार्पण कर सम्मानित किया। निवर्तमान अध्यक्ष केके अरोड़ा, सचिव शैलेन्द्र गुप्ता ने सभी का स्वागत शाखा के सेवा और संस्कार कायों के बारे में बताया। शाखा के वरिष्ठ सदस्य व प्रान्तीय संरक्षक अर्जुन दास भारद्वाज द्वारा भूमि दान देने के कार्य की सराहना की गई। इस जमीन पर भारत विकास परिषद अस्पताल खोलेगा। जिसमें सेलाकुई में रहने वाले मजदूरों एवं अभावग्रस्त लोग लाभान्वित होगे। मुख्य अतिथि डॉली डबराल ने नये पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। मौके पर प्रांत के वित्त सचिव रोहित कोचगवे, प्रान्तीय महिला संयोजिका सुगंध जैन, प्रांतीय उपाध्यक्ष सेवा अरुणा चावला, प्रान्तीय उपाध्यक्ष संपर्क निशा अग्रवाल, देहरादून के अन्य शाखाओं के पदाधिकारी मौजूद रहे। संचालन महिला संयोजिका सारिका चौधरी ने किया।

## 8 सैंपल जांच का भेजे

पिथौरागढ़ : जनपद में खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकथाम को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग का अभियान जारी है। सोमवार को जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी आरके शर्मा ने बताया कि जिले से विभाग ने आठ नमूने एकत्र कर जांच के लिए रुद्रपुर स्थित लैब भेजे हैं। इनमें दूध, घी, मसाले, सोयाबड़ी, शहद और जिम सेंटरों में व्यायाम करने वाले लोगों द्वारा उपयोग में लाया जाने वाला प्रोटीन पाउडर शामिल है।

# कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या का आज से पिथौरागढ़ दौरा



पिथौरागढ़ : कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या अपने तीन दिवसीय दौर पर मंगलवार को सीमांत जनपद पहुंचेगी।

प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार को शाम चार बजे वे जिला मुख्यालय पहुंचेगी। वह एंचोली स्थित खाद्य गोदाम एफसीआई का निरीक्षण करेंगी। रात्रि विश्राम के बाद अगले दिन कैबिनेट मंत्री खड़कोट स्थित भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेगी। 12 बजकर 10 मिनट में कैबिनेट मंत्री टकाना स्थित शूटिंग रेंज भवन का शिलान्यास करेंगी। लेलू में आवासीय भवनों का शिलान्यास के बाद वे मुनस्यारी रवाना होंगी। गुरुवार को वे मुनस्यारी में पंडित नैनसिंह रावत पर्वतारोहण संस्थान का लोकापर्ण कर धारचूला जाएंगी। विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर वह जिला मुख्यालय में रात्रि विश्राम के बाद शुक्रवार सुबह चंपावत को रवाना होंगी। (एजेंसी)

## कांग्रेस ने जिला योजना के कामों पर उठाए सवाल

पिथौरागढ़ : कांग्रेस ने जिला योजना की बैठक को लेकर सवाल उठाए हैं। पूर्व दर्जाधारी मंत्री महेंद्र लुंठी ने कहा कि पिथौरागढ़ में पुरानी योजनाओं को पूर्ण करने के लिए जिला योजना में बजट का आवंटन होना चाहिए। भाजपा से जुडे ठेकेदारों को काम दिलाने के लिए जिला योजना में कार्य किए जा रहे हैं। खानापूर्ति करने के लिए जिला योजना चलाई जा रही है। हर घर नल–हर घर जल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने खजाने भर लिए है और लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। प्रभारी मंत्री पिथौरागढ़ के लिए एक बडी योजना तक नहीं ला पा रहे हैं। (एजेंसी)

# चमोली के घोड़ा खच्चर संचालक अनुमति नहीं मिलने पर भड़के

चमोली : केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग पर चमोली जिले के घोड़ा खच्चर संचालकों को यात्रियों को केदारनाथ दर्शनार्थ ले जाने और वापस लाने की अनुमति नहीं दिए जाने पर घोड़ा खच्चर और जन प्रतिनिधियों ने नाराजगी जताई है। और इस नीति का विरोध कर आंदोलन की चेतावनी दी है।

चमोली ग्राम पंचायत संगठन के महामंत्री मोहन सिंह नेगी ने कहा केदारनाथ यात्रा पर चमोली के घोड़े ख़च्चर संचालकों का रजिस्ट्रेशन नहीं किया जा रहा है। चमोली के घोड़ा खच्चर संचालकों को केवल सरिया या निर्माण सामग्री केदारनाथ पहुंचाने के लिए कहा जा रहा है। तीर्थ यात्रियों को केदारनाथ के दर्शन के लिए ले जाने व वापस लाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। दरबान सिंह रावत, पते सिंह, दिनेश लाल, जसवीर लाल ने कहा पिछले महीने जिला प्रसाशन रुद्रप्रयाग द्वारा यह कहते हुए अनुमति दी गई थी कि घोड़े खच्चरों का संचालन मेडिकल परीक्षण के बाद यात्रा में सम्मलित किया जाएगा।

लेकिन अचानक अब चमोली के घोड़ा खच्चर संचालकों का रजिस्ट्रेशन नहीं कराया जा रहा है। (एजेंसी)

# धामी ने किया जौलीग्रान्ट में नवनिर्मित एस.डी.आर.एफ मुख्यालय एवं फायर स्टेशन का लोकार्पण

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को जौलीग्रान्ट में नवनिर्मित एस.डी.आर.एफ मुख्यालय एवं फायर स्टेशन का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर एसडीआरएफ के जवानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि एस०डी०आर०एफ० द्वारा 11 हजार फीट से अधिक ऊँचाई पर किये जाने वाले रेस्क्यू कार्यों के लिए अन्य अर्धसैनिक बलों की तर्ज पर एस.डी.आर.एफ में कार्य करने वाले राजपत्रित अधिकारियों को 1500 रुपए एवं अराजपत्रित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 1000 रुपए प्रतिदिन जोखिम भत्ता प्रदान किया जाएगा। आपदा प्रबन्धन में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाए जाने के उद्देश्य से एस.डी.आर.एफ की छठी कम्पनी गठित की जाएगी, जिसमें प्राथमिकता के आधार पर एक–तिहाई महिला कार्मिकों की नियुक्ति की जाएगी। एस.डी.आर.एफ. में प्रतिनियुक्ति की समयावधि 07 वर्ष से बढ़ाकर 10 वर्ष की जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नवनिर्मित एस.डी.आर.एफ ट्रेनिंग सेंटर और वाहिनी मुख्यालय के लोकार्पण के अवसर पर एस.डी.आर.एफ की टीम को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए हर्ष का विषय है कि मुझे मुख्य सेवक के रूप में एसडीआरएफ के इस नवनिर्मित मुख्यालय को आज प्रदेश को समर्पित करने का मौका मिल रहा है। लगभग 144.43 करोड़ रुपये की लागत



से निर्मित एस.डी.आर.एफ के मुख्यालय में प्रशिक्षण एवं आपदा प्रबंधन की दृष्टि से अन्य गतिविधियां भी होंगी। उन्होंने कहा कि एस.डी.आर.एफ के जवानों और अधिकारियों द्वारा अपने कर्तव्यों का निर्वहन साहस, वीरता, सेवा और समर्पण भाव को से किया जा रहा है। इनका त्याग और कार्यकुशलता अनुकरणीय है। विषम परिस्थितियों में इनके द्वारा जिस साहस से कार्य किया जाता है, वह सराहनीय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक आपदा की स्थिति में हमारे पुलिस के जवान मोर्चा संभालते हैं और लोगों की जान बचाने के लिए आगे आते हैं। राज्य में 2013 में एस.डी.आर.एफ के गठन से ही एस.डी.आर.एफ ने आपदा के समय देवभूमि में समय–समय पर अनुकरणीय एवं प्रभावी कार्य किए है। गठन से अब तक एसडीआरएफ द्वारा तीन हजार से अधिक रेस्क्यू ऑपरेशनों में बारह हजार से अधिक घायलों का सफल रेस्क्यू किया गया एवं विषम परिस्थितियों में करीब दो हजार शवों को रिकवर भी किया गया। एसडीआरएफ उत्तराखण्ड ने अपनी कार्यकुशलता एवं रेस्क्यू दक्षता के चलते राज्य के आम जनमानस के साथ–साथ प्रतिवर्ष धार्मिक, आध्यात्मिक एवं साहसिक पर्यटन हेतु राज्य में आने वाले लाखों लोगों के मन मस्तिष्क में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। विकट परिस्थितियों में राहत एवं बचाव कार्यों के साथ ही आम जनमानस को आपदा की विभीषिका का बोध कराने एवं सामुदायिक क्षमता विकसित करने हेतु एसडीआएफ द्वारा वृहद स्तर पर जन–जागरूकता कार्यक्रम भी संचालित किये जाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ माह पूर्व जोशीमठ में आई प्राकृतिक भूधंसाव की घटना के पश्चात राहत एवं बचाव कार्य के साथ–साथ लोगों को जागरूक करने का कार्य भी एसडीआरएफ के हमारे जवानों और अधिकारियों ने बड़ी ही कुशलता के साथ किया।

# डीएम ने सुनी गुर्जर समुदाय और स्थानीय लोगों की समस्याएं

**150 पशुओं का किया टीकाकरण, 108, जन्म प्रमाण पत्र, 23 राशन कार्ड और 34 आधार कार्ड बनाएं**



डीएम डॉ. आशीष चौहान शिविर में गुर्जर समुदाय के लोगों की समस्या सुनते हुए।

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में तहसील यमकेश्वर के अंतर्गत कुनाउ चौड़ क्षेत्र में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिलाधिकारी के समक्ष ही पशुपालन विभाग द्वारा 150 से अधिक पशुधन का टीकाकरण किया गया। शिविर में स्थानीय लोगों के 108 जन्म प्रमाण पत्र, 23 राशन कार्ड तथा 34 आधार कार्ड बनाये गये।

जिलाधिकारी ने बहुउद्देशीय शिविर में गुर्जर समुदाय के साथ-साथ स्थानीय लोगों की शिकायतों की सुनवाई की। जिलाधिकारी ने पशुपालन विभाग और डेयरी विभाग को संयुक्त रूप से पशुधन का टीकाकरण व बीमा करवाने, उत्पादित हो रहे दुग्ध से बनाये जाने वाले विभिन्न उत्पादों को तैयार करने हेतु स्थानीय लोगों को सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिये। साथ ही पशुपालन और दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाओं के साथ समन्वित करते हुए गुर्जर समुदाय को लाभ दिलाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने गुर्जर समुदाय को किसान क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, पशुधन रोग नियंत्रण व दुग्ध उत्पादन बढ़ावा इत्यादि का प्रॉपर प्लान बनाने के लिए पशुपालन, डेयरी और लीड बैंक अधिकारी को कहा। जिलाधिकारी ने बाल विकास विभाग को प्रेग्नेंट महिलाओं और छोटे बच्चों का आंगनबाडी केंद्रों पर पंजीकरण कराते हुए उनका प्रॉपर टीकाकरण काउन्सलिंग और परिवार नियोजन जागरूकता हेतु स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से जागरूकता कैंप लगाने अथवा लोगों को इस संबंध में जागरूक करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जो प्रेग्नेंट महिलाएं हाई रिस्क प्रेग्नेंसी के अंतर्गत आती है, उनकी नियमित निगरानी करें। साथ ही ऐसे छोटे बच्चे जो किसी कारणवश शारीरिक डिफैक्टेड है, उनका चिकित्सीय परीक्षण करते हुए समय से इलाज करवाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी व खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि शिक्षा विभाग के समन्वय से गुर्जर समुदाय के बच्चों के लिए विद्यालय, बाल विकास के समन्वय से आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायतीराज विभाग के समन्वय से परिवार रजिस्ट्रर पंजीकरण तथा समाज कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए शासन से उचित मार्गदर्शन लेकर तद्नुसार अग्रिम कार्यवाही करें। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी आकाश जोशी, बाल विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार, उरेडा अधिकारी राजेश्वरी सिंह, तहसीलदार श्रेष्ठ गुनसोला सहित संबधित अधिकारी, कर्मचारी व स्थानीय निवासी उपस्थित थे।

## यात्रियों को साफ सुथरा भोजन परोसें

श्रीनगर गढ़वाल : होटल एसोसिएशन श्रीकोट एवं श्रीनगर की बैठक आहुत की गई। बैठक में अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा पौड़ी एएस रावत, खाद्य सुरक्षा अधिकारी बलवंत चौहान द्वारा चारधाम यात्रा के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी गई।

इस दौरान उन्होंने होटलों, रेस्टोरेंटों एवं ढाबों में साफ-सफाई को लेकर विशेष ध्यान दिए जाने और यात्रियों को साफ सुथरा भोजन मुहैया कराने को कहा। इस मौके पर व्यापार सभा के अध्यक्ष दिनेश असवाल, जिला अध्यक्ष व्यापार सभा वासुदेव कंडारी, महामंत्री जिला व्यापार सभा दिनेश पंवार के सम्मुख होटल स्वामियों ने अपनी समस्या को रखा।

## सहारा इंडिया सोसाइटी के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए

नई टिहरी : सहारा इंडिया सोसाइटियों में निवेशकों का जमा पैसा वापस दिलाने की मांग को लेकर कंडीसौड़ क्षेत्र के सोसाइटी एजेंटों ने एसएसपी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने सोसाइटी के अधिकारियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में बताया कि एजेंट कई वर्षों से सहारा इंडिया की क्रेडिट कोऑपरेटिव, हमारा इंडिया क्रेडिट कोऑपरेटिव, सहारियन यूनवर्सल मल्टीपरपज क्रेडिट और स्टार मल्टीपरपज क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी के लिये कार्य करते थे, विगत दो वर्षों से सहारा इंडिया सोसाइटी निवेशकों का जमा पैसे लौटा नही रहा है।

## खोया-पाया

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड बोर्ड की हाईस्कूल की परीक्षा वर्ष 2017 अनुक्रमांक 17064582 से उत्तीर्ण की। जिसका अंकपत्र व प्रमाण पत्र वास्तव में खो गये है। जो काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिल रहे है।

**प्रियंका पुत्री श्री बुदीश चन्द्र कुकरेती निवासी जौनपुर बैंक कॉलोनी, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सरकारी अभिलेखों एवं सेवा पुस्तिका में मेरा स्थाई पता जौनपुर, डिग्री कॉलेज रोड, तहसील, कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल भूलवश अंकित हो गया है, जबकि मेरा स्थाई पता ग्राम पायॉ, पोस्ट रनमन, तहसील सोमेश्वर, जिला अल्मोडा, उत्तराखण्ड है। मेरे सरकारी अभिलेखों एवं सेवा पुस्तिका में मेरा स्थाई पता ग्राम पायॉ, पोस्ट रनमन, तहसील सोमेश्वर, जिला अल्मोडा, उत्तराखण्ड लिखा/पढ़ा जाय।

**विक्की सिंह पुत्र स्व0 श्री राजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम पायॉ, पोस्ट रनमन, तहसील सोमेश्वर, जिला अल्मोडा, उत्तराखण्ड।**

# छात्राओं को दिया सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण



उपनिरीक्षक टीना रावत छात्रा को सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण देते हुए।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : पुलिस की ओर से एक साझू प्रयास पुलिस वाला गुरुजी का साथ अभियान के तहत जिले के सभी शिक्षण संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे है। अभियान के तहत छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए जा रहे हैं। पुलिस टीम ने राजीव गांधी नवोदय विद्यालय और जवाहर लाल नेहरू नवोदय विद्यालय की छात्राओं को पोक्सो ऐक्ट, साइबर सेफ, सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण दिया गया।

सोमवार को महिला हेल्प लाइन प्रभारी निरीक्षक प्रताप सिंह, महिला उपनिरीक्षक टीना रावत और पुलिस टीम द्वारा राजीव गांधी नवोदय विद्यालय संतूधार, जवाहर लाल नेहरू नवोदय विद्यालय खैरासैंण में जाकर छात्राओं को जागरूक करते हुये आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया।

इस दौरान छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। उक्त प्रशिक्षण में प्रशिक्षित महिला कार्मिकों द्वारा छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण के तहत पंच बांधना, शरीर की कमजोर कड़ी पर वार करना, किसी भी पकड़ से खुद को छुड़ाने के साथ पैरों पर वार करना आदि तकनीकी का प्रशिक्षण दिया गया। ताकि छात्राएं मुसीबत के समय खुद का बचाव कर सके। साथ ही पुलिस टीम द्वारा छात्राओं को जागरूकता पम्पलेट भी वितरित किये गये।

एसएसपी श्वेता चौबे ने स्कूली छात्राओं में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ करने, छात्राओं के साथ छेड़छाड़ जैसी घटनाएं, विपरीत परिस्थितियों का सामना करने के लिए एक साझू प्रयास पुलिस वाला गुरुजी का साथ अभियान चलाया है।

## कांग्रेस नगर अध्यक्ष पद पर घिल्डियाल पर बनी सहमति, पार्टी हाईकमान को भेजा प्रस्ताव

श्रीनगर गढ़वाल : कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की सोमवार को जिलाध्यक्ष विनोद नेगी की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक आहुत की गई। बैठक में कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति से कांग्रेस नगर अध्यक्ष पद पर सूरज घिल्डियाल के नाम पर सहमति जताते हुए पार्टी हाईकमान को प्रस्ताव भेजा। जीएमवीएन में हुई बैठक में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी तथा सक्रिय कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विनोद नेगी ने पार्टी को मजबूत करने से संबंधित कई सुझाव दिये। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को उत्साहित करते हुए कि कहा कि आगामी निकाय तथा लोकसभा चुनावों में इस बार क्षेत्र से मेयर व पार्षद निश्चित रूप से कांग्रेस के ही निर्वाचित होंगे। कार्यकर्ताओं ने सभी को आपस में समन्वय बनाकर बूथ स्तर तक कांग्रेस की नीतियों एवं सिद्धांतों को जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया है।

## कीर्तन प्रतियोगिता में जय धारी कीर्तन मंडली उफल्डा अव्वल

श्रीनगर गढ़वाल : शाश्वत धाम लक्ष्मोली कीर्तिनगर में चल रहे तीन दिवसीय मातृशक्ति सम्मेलन एवं कीर्तन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र की 22 कीर्तन मंडलियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर कीर्तन मंडलियों ने अपनी–अपनी प्रस्तुतियों से शाश्वत धाम को भक्ति से सराबोर कर दिया। प्रतियोगिता में दूरस्थ क्षेत्र चन्द्रबदनी सहित देवप्रयाग आदि गांवों की महिलाओं ने भी प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता में जय धारी कीर्तन मंडली उफल्डा ने प्रथम, उमा महेश कीर्तन मंडली भल्लेगांव ने द्वितीय और आस्था कीर्तन मंडली पलेठी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।


**उत्तर रेलवे**

G20 | आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित है। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आंमत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशी का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट बैंकर चेक डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेंडर संख्या | 30-DRM-MB-23-24 DATE 21-04-2023 |
| कार्य का नाम | Development of 10 beds barrack for male at RPF post NBD. beds female barrack at RPF post/HPU and 5 beds female barrack at RPF/Post/GJL station |
| निविदा प्रकार | Works |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 18.05.2023 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 hrs. |
| अनुमानित लागत | 50,93,609.92 |
| धरोहर राशि | 1,01,900.00 |
| टेन्डर फार्म की लागत | शून्य |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 6 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 04.05.2023 |

सं.: DEN-IV-30-DRM-MB-23-24 दिनांक 24.04.2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1229/23


## नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी सगी जेठी का नाम निर्मला पुत्री स्व. विशम्बर दत्त निवासी ग्राम कूतणी, पट्टी मल्ला ढांगू, तहसील लैंसडौन उत्तराखण्ड है। मेरी जेठी निर्मला के जीवनकाल में उनकी कोई भी संतान नहीं होने के कारण मेरे प्राकृतिक माता-पिता के द्वारा मुझे मेरी जेठी निर्मला के सुपुर्द करके गोद दे दिया था। निर्मला के द्वारा अपने जीवनकाल में मेरा लालन-पालन किया गया। मेरे प्राकृतिक माता-पिता के द्वारा अज्ञानता के कारण इस संदर्भ में गोदनामा रजिस्टर्ड नहीं करवाया गया था। मैंने कक्षा 5वीं की परीक्षा वर्ष 1990 में राजकीय प्राथमिक विद्यालय कुल्हाड़, ब्लॉक द्वारीखाल, पौड़ी गढ़वाल से उत्तीर्ण की थी। मेरे स्कूली अभिलेखों में भूलवश मेरी प्राकृतिक माता का नाम उर्मिला देवी दर्ज हो गया। अतः मेरे स्कूली अभिलेखों में मेरी माता का नाम उपजिलाधिकारी लैंसडौन द्वारा जारी उत्तरजीवी प्रमाण पत्र के अनुसार निर्मला लिखा/पढ़ा जाय तथा भविष्य में मेरी माता का नाम निर्मला जाना/पहचाना जाय।

**मुकेश काला पुत्र श्री मोहन प्रसाद काला निवासी ग्राम बालासौड़, पट्टी सुखरौ, तहसील कोटद्वार, जनपद पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

## अदालती सूचना

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज कोटद्वार गढ़वाल**
**दीवानी वाद संख्या - 10/ 2023**

सुशान्त नारंग पुत्र स्व0 राजेन्द्र कुमार निवासी न्यू मार्केट रेलवे स्टेशन रोड़, तहसील-कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।

-प्रार्थी/वादी

बनाम

1- आम जनता।
2- भारतीय स्टेट बैंक, शाखा देवी रोड़, कोटद्वार, द्वारा शाखा प्रबन्धक
3- नगर निगम पार्षद कविता मित्तल, वार्ड नं0-15, (गोविन्द नगर), कोटद्वार

----विरूद्ध पक्ष/रेस्पोडेन्ट्स

हरगाह प्रार्थी/वादी सुशान्त नारंग द्वारा आप प्रतिवादीगण के विरूद्ध एक घोषणात्मक वाद भारतीय स्टेट शाखा-देवी रोड़ कोटद्वार के बैंक लॉकर के संचालन से सम्बन्धित अधिकार प्राप्त करने हेतु दीवानी वाद मेरे न्यायालय में योजित किया गया है आप प्रतिवादीगण व जिस किसी आम व खास को कोई उक्त वाद में आपत्ति व जवाब दाखिल करना हो तो उक्त नियत दिनांक 25/04/2023 को प्रातः 10:00 बजे मेरे न्यायालय में असालतन या वकालतन उपस्थित होकर जवाबदेही करें अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

आज दिनांक -6/4/2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी।

**सिविल जज**
**कोटद्वार गढ़वाल।**


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, पौड़ी

Phone/fax no- 01368-222512 | Email -eepdpwdpauri@gmail.com

पत्रांक- 809/35AC | दिनांक- 24/04/2023

### अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु सील्ड निविदा दिनांक 10/05/2023 को अपराहन 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 26/04/2023 से दिनांक 09/05/2023 तक किसी भी कार्य दिवस में निम्न कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते है तथा दिनांक 10/05/2023 अपराहन 2:00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में डाले जा सकते है।

1. कार्यालय का नाम :- अधीक्षण अभियन्ता, 12वॉ वृत्त लो0नि0वि0 पौड़ी 2. कार्यालय का नाम :- अधिशासी अभियन्ता प्रा0ख0 लो0नि0वि0 पौड़ी 3:- कार्यालय का नाम :- अधिशासी अभियन्ता, नि0ख0 लो0नि0वि0 पौड़ी 4. कार्यालय का नाम :- अधिशासी अभियन्ता, अ0ख0 लो0नि0वि0, कीर्तिनगर

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (18% जी0एस0टी0 अतिरिक्त) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र पौड़ी के विकास खण्ड कल्जीखाल के अन्तर्गत बगानीखाल -दिउसा मोटर मार्ग का रिंगुड होते हुए बहेड़ाखाल तक मोटर मार्ग के क्रॉस सैक्शन 0/17 से 1/7 तक नव निर्माण के अन्तर्गत पहाड़ कटान का अवशेष कार्य। | 50000.00 | 2000+ 18% GST | 45 दिन | 3 माह | लो0नि0वि0 में मार्ग कार्य हेतु श्रेणी ''डी'' एवं उच्चतर, |
| 2 | एस0सी0एस0पी0 के अन्तर्गत ल्वाली पुण्डोरी मोटर मार्ग के हॉस्पिटल ल्वाली चमल्याखाल-सुमेरपुर ठिन्डू-मसोणोधार-कठूल होते हुए अनुसूचित जाति बस्ती सिमन्द कडाकोट तक मोटर मार्ग के कि0मी0 4 (3.500-4.000) में सुरक्षात्मक दीवार का निर्माण कार्य। | 12000.00 | 1000+ 18% GST | 45 दिन | 1 माह | लो0नि0वि0 में मार्ग कार्य हेतु श्रेणी ''डी'' एवं उच्चतर, |
| 3 | एस0सी0एस0पी0 के अन्तर्गत ल्वाली पुण्डोरी मोटर मार्ग के हॉस्पिटल ल्वाली चमल्याखाल-सुमेरपुर ठिन्डू-मसोणोधार-कठूल होते हुए अनुसूचित जाति बस्ती सिमन्द कडाकोट तक मोटर मार्ग के कि0मी0 1 (0.000-0.500) में सुरक्षात्मक दीवार का निर्माण कार्य। | 12000.00 | 1000+ 18% GST | 45 दिन | 1 माह | लो0नि0वि0 में मार्ग कार्य हेतु श्रेणी ''डी'' एवं उच्चतर, |
| 4 | एस0सी0एस0पी0 के अन्तर्गत ल्वाली पुण्डोरी मोटर मार्ग के हॉस्पिटल ल्वाली चमल्याखाल-सुमेरपुर ठिन्डू-मसोणोधार-कठूल होते हुए अनुसूचित जाति बस्ती सिमन्द कडाकोट तक मोटर मार्ग के कि0मी0 1 (0.500-1.000) में नाले से सड़क की सुरक्षा हेतु सुरक्षात्मक कार्य। | 12000.00 | 1000+ 18% GST | 45 दिन | 1 माह | लो0नि0वि0 में मार्ग कार्य हेतु श्रेणी ''डी'' एवं उच्चतर, |

निविदायें दिनांक 10/05/2023 को अपराहन 3:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। अन्य शर्तें निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकेंगी।

**शर्तें**

1. धरोहर धनराशि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0/टी0डी0आर0/पोस्ट ऑफिस की एन0एस0सी0 जो अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 पौड़ी के पदनाम से बन्धक हो को संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. निविदा प्रपत्र के साथ रू0 100.00 का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर रू0 1.00 का रेवेंन्यू स्टाम्प पर हस्ताक्षर सहित जमा करना आवश्यक होगा। (वैधता हेतु)
3. उपरोक्त निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।
4. निविदा के साथ ठेकेदार को विभाग में पंजीकरण की प्रति भी संलग्न करनी अनिवार्य होगी।

अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 पौड़ी






सम्पादकीय

# स्वास्थ्य पर भारी मौसम

उत्तराखंड की चार धाम यात्रा में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर यात्रा के शुरू होने के साथ ही सवाल खड़े होने लगे हैं। हालांकि राज्य सरकार की ओर से यात्रा शुरू होने से पूर्व ही मॉक ड्रिल करने के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाओं का अच्छी तरीके से निरीक्षण किया गया था लेकिन ऐन वक्त पर यात्रा शुरू होते ही दो तीर्थ यात्रियों की मृत्यु हो चुकी है। राज्य सरकार ने श्रद्धालुओं की इस प्रकार से मृत्यु को बेहद गंभीरता से लिया है और यात्रा के लिए आने वाले यात्रियों की स्वास्थ्य सुविधा को देखते हुए व्यापक तौर पर नई व्यवस्थाएं की हैं। वैसे भी वर्तमान में उत्तराखंड में पहाड़ों का मौसम बिगड़ा हुआ है। केदारनाथ के कपाट भी खुलने वाले हैं लेकिन यह भी वर्ष की मोटी चादर है जो यात्रा में थोड़ा व्यवधान डाल सकती है। स्वास्थ्य सुविधाओं के मद्देनजर पूर्व के मामलों से सबक लेते हुए सरकार ने तीर्थ यात्रियों के लिए आपात स्थिति में एअरलिफ्ट की व्यवस्था की है जिसके तहत प्रभावित श्रद्धालुओं को मेडिकल कॉलेज देहरादून व श्रीनगर में एयर लिफ्ट किया जाएगा, जिससे किसी भी गंभीर परिस्थिति में तत्काल बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। इस बार सरकार की ओर से चारधाम यात्रा मार्गों पर 48 स्थायी व 23 अस्थायी चिकित्सा इकाई स्थापित की गई हैं। जहां पर 29 विशेषज्ञ डॉक्टरों व 182 चिकित्साधिकारी तैनात किए गए हैं। 95 पीओसीटी डिवाइस उपलब्ध कराई गई हैं। इससे ईसीजी व ऑक्सीजन स्तर की भी जांच कर सकेंगे। इसके अलावा 272 पैरामेडिकल स्टॉफ की तैनाती किए। इसमें 182 स्टाफ नर्स व 90 फार्मासिस्ट शामिल हैं। यात्रा मार्गों पर 200 एंबुलेंस की तैनाती की गई है। श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में कार्डिक सेंटर स्थापित किया गया। स्पष्ट है सरकार श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य को लेकर किसी भी प्रकार से समझौता नहीं करना चाहती और प्रयास यही किए जा रहे हैं की सभी श्रद्धालु सुरक्षित दर्शन करने के बाद अपने घरों को वापस लौटे। हालांकि सबसे महत्वपूर्ण यह है की परिस्थितियों के अनुसार किस प्रकार की प्रतिक्रिया प्रशासन के द्वारा की जाती है? इस बार सरकार ने गंगोत्री यमुनोत्री मार्ग पर 20 हेल्थ फैसिलिटी सेंटर बनाने के साथ-साथ एक कार्ड एक एंबुलेंस भी तैनात की है। अन्य मार्गों पर भी एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस तैनात मिलेगी। चार धाम यात्रा के दौरान केदारनाथ धाम की यात्रा ही सबसे अधिक जटिल मानी जाती है और गत वर्ष भी केदारनाथ यात्रा के दौरान ही ऑक्सीजन की कमी के कारण कुछ श्रद्धालुओं को अपनी जान गवानी पड़ी थी। जैसे हालातों से बचने के लिए खासतर से केदारनाथ यात्रा मार्ग पर प्रशिक्षित डॉक्टरों के साथ फार्मासिस्ट व पैरामेडिकल स्टाफ की निगरानी में 14 मेडिकल रिलीज पॉइंट बनाए गए हैं। उत्तराखंड में जिस प्रकार से मौसम में बदलाव लिया है उसके बाद प्रशासन यात्रियों को आगे ना जाने की सलाह दे रहा है लेकिन महत्वपूर्ण यह भी होगा कि प्रशासन को इस दिशा में थोड़ी कड़ाई से भी पेश आना होगा।श्रद्धालुओं की जिद के आगे उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ नहीं किया जा सकता, अतः यह जरूरी है कि खराब मौसम की दशा में श्रद्धालुओं को कुछ समय रोका जा सकता है। निश्चित तौर पर एक सफल और सुरक्षित आयोजन के लिए श्रद्धालु एवं प्रेरकों का सहयोग भी बेहद जरूरी है।

# पंचायती राज संस्थाओं के सशक्तिकरण के तीन दशक



**गिरिराज सिंह**

भारत के स्थानीय स्वशासन प्रणाली के इतिहास में 24 अप्रैल एक महत्वपूर्ण दिन है। राष्ट्रपति ने 1993 में इसी दिन देश की पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा देते हुए 73वें संविधान संशोधन को अपनी स्वीकृति दी थी। पंचायतों को त्रि-स्तरीय प्रणाली प्रदान करने वाले और पंचायतों को शक्तियों और जिम्मेदारियों का हस्तांतरण करने वाले इस संशोधन की अगली कड़ी के रूप में भाग 9 को संविधान में जोड़ा गया था। संविधान का 73वां संशोधन आज अपना 30वां साल पूरा कर रहा है।

पंचायती राज संस्थाएं लोकतंत्र के लिए स्तंभ हैं। पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने अनेक कदम उठाए और अमृत काल के दौरान तो और भी अधिक जोरदार प्रयास किए। अनुसूचित क्षेत्रों तक पंचायत का विस्तार पीईएसए अधिनियम का कार्यान्वयन उन प्रमुख कदमों में शामिल है। इस अधिनियम के माध्यम से, हमने एक मजबूत प्रणाली स्थापित की है, जिसमें देश के कुछ हिस्सों में सक्रिय पारंपरिक पंचायतों को उनके नियमों और विनियमों के अनुसार मान्यता दी जाती है। हमारी सरकार के निरंतर प्रयासों से, अधिकांश राज्यों ने पीईएसए अधिनियम को लागू कर दिया है और हम शेष राज्यों को इसे लागू करने के लिए लगातार प्रोत्साहित कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में, हमने ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न बुनियादी ढांचे की आवश्यकताओं और विकास की गतिविधियों का समर्थन करने को लेकर पंचायती राज संस्थाओं ने वित्तीय संसाधनों के आवंटन में एक ऊंची छलांग लगाई है। हम पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत और सशक्त बनाने के लिए कई पहल कर रहे हैं, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों की भूमिका और जिम्मेदारियों को पूरा करने की उनकी क्षमता में वृद्धि और समावेशी विकास, आर्थिक विकास और सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) के अनुरूप लक्ष्यों को हासिल करने में योगदान देने के लिए पंचायती राज संस्थाओं की कार्यकुशलता, कामकाज की पारदर्शिता और जवाबदेही में सुधार करने के लिए कई पहल कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री जी का विजन है कि हमें पंचायतों को सशक्त बनाने के साथ-साथ आत्मनिर्भर भी बनाना है। हमारा प्रयास है कि पंचायती राज संस्थाएं अपनी आवश्यकताओं का स्व-मूल्यांकन करते हुए जनभागीदारी से शासकीय योजनाओं की धनराशि के साथ-साथ राजस्व के अपने स्त्रोत विकसित करें तथा उन निधियों से पंचायतों की अपनी आवश्यकताओं के अनुसार योजनाओं का क्रियान्वयन करें और निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हों। ग्राम सभा केंद्रीय होने के साथ-साथ स्थानीय स्वशासन का अभिन्न अंग है और साथ ही ग्राम सभा पंचायतों के पारदर्शी और जवाबदेह कामकाज के लिए बहुत आवश्यक है। हमारी सरकार सभी हितधारकों को शामिल करते हुए ग्राम सभाओं को जीवंत संचालन के लिए प्रोत्साहित करती रही है।

केंद्र सरकार का यह निरंतर प्रयास रहा है कि 73वें संविधान संशोधन के बाद पंचायती राज संस्थाओं को न केवल राज्यों द्वारा उन्हें आवंटित 29 विषयों के क्षेत्र में सशक्त किया जाए, बल्कि उन्हें क्रियात्मक भी बनाया जाए। कई राज्यों ने इस दिशा में बेहतर प्रयास किए हैं। जम्मू-कश्मीर प्रशासन, विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर केंद्रशासित प्रदेश के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा इस दिशा में किए गए गंभीर प्रयासों के लिए सराहना के पात्र हैं। इसी प्रकार, अन्य राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को भी पंचायती राज संस्थाओं के सशक्तिकरण के लिए ठोस प्रयास करने चाहिए।

केंद्र सरकार ने सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) के स्थानीयकरण और इसके लिए ग्राम पंचायत की विकास योजनाओं (जीपीडीपी) के पुनर्गठन पर स्थानीय स्तर पर काम करने के लिए पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों और विभिन्न पदाधिकारियों की शासन क्षमता के निर्माण और प्रशिक्षण पर अपना ध्यान केंद्रित किया है। उल्लेखनीय है कि 2022-23 तक लगभग सभी ग्राम पंचायतें और समकक्ष निकाय अपनी जीपीडीपी तैयार कर चुके हैं।

स्थानीय शासन में दक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही लाने के लिए, पंचायती राज मंत्रालय ने 'योजना से भुगतान' तक सभी गतिविधियों के लिए डिजिटल मोड में ई-ग्रामस्वराज एप्लिकेशन जैसे डिजिटल समाधान प्रदान करने वाली पंचायतों का डिजिटलीकरण सुनिश्चित किया है। जीईएम पर पंचायतों द्वारा वस्तुओं और सेवाओं की खरीद की नवीनतम पहल है, जिसे आज रीवा, मध्य प्रदेश में प्रधानमंत्री द्वारा लॉन्च किया जा रहा है। पंचायत खातों के ऑनलाइन ऑडिट के लिए ऑडिटऑनलाइन एप्लिकेशन विकसित किया गया है। इस प्रकार, 'न्यूनतम सरकार और अधिकतम शासन' के आदर्श वाक्य के साथ ई-गवर्नेंस की पहल स्थानीय सरकार तक पहुंच गई है, जो हमारी सरकार का एकमात्र योगदान है, क्योंकि हमारे प्रधानमंत्री ने अप्रैल 2020 में ई-ग्रामस्वराज एप्लिकेशन लॉन्च किया था।

पीएम स्वामित्व योजना, हमारे प्रधानमंत्री का एक अभिनव विचार, संपत्ति कार्ड जारी करने के माध्यम से गांव के परिवारों के मालिकों को 'रिकॉर्ड ऑफ राइट्स' प्रदान करता है। अधिकार का रिकॉर्ड ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति के मुद्रीकरण में गेम चेंजर साबित हो रहा है, इसके अलावा पंचायतों को निकट भविष्य में अपने स्वयं के राजस्व के स्त्रोतों को बढ़ाने के प्रयास में संपत्ति कर का आकलन और संग्रह करने में सक्षम बनाता है।

पंचायती राज मंत्रालय ने अन्य मंत्रालयों की योजनाओं को मिलाकर और राज्यों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में सक्रिय जनभागीदारी और इसके पुनर्वितरण से 'आजादी का अमृत कालइ के दौरान पंचायती राज संस्थाओं के सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के अपने लक्ष्य की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है।

इस राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर, मैं सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों और पंचायती राज संस्थाओं के पदाधिकारियों को बधाई देता हूं और पंचायत विकास की नई ऊंचाइयों को छूने के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

लेखक केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री है


**प्रधानमंत्री जी का विजन है कि हमें पंचायतों को सशक्त बनाने के साथ-साथ आत्मनिर्भर भी बनाना है। हमारा प्रयास है कि पंचायती राज संस्थाएं अपनी आवश्यकताओं का स्व-मूल्यांकन करते हुए जनभागीदारी से शासकीय योजनाओं की धनराशि के साथ-साथ राजस्व के अपने स्त्रोत विकसित करें तथा उन निधियों से पंचायतों की अपनी आवश्यकताओं के अनुसार योजनाओं का क्रियान्वयन करें और निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हों। ग्राम सभा केंद्रीय होने के साथ-साथ स्थानीय स्वशासन का अभिन्न अंग है और साथ ही ग्राम सभा पंचायतों के पारदर्शी और जवाबदेह कामकाज के लिए बहुत आवश्यक है। हमारी सरकार सभी हितधारकों को शामिल करते हुए ग्राम सभाओं को जीवंत संचालन के लिए प्रोत्साहित करती रही है। केंद्र सरकार का यह निरंतर प्रयास रहा है कि 73वें संविधान संशोधन के बाद पंचायती राज संस्थाओं को न केवल राज्यों द्वारा उन्हें आवंटित 29 विषयों के क्षेत्र में सशक्त किया जाए, बल्कि उन्हें क्रियात्मक भी बनाया जाए। कई राज्यों ने इस दिशा में बेहतर प्रयास किए हैं। जम्मू-कश्मीर प्रशासन, विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर केंद्रशासित प्रदेश के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा इस दिशा में किए गए गंभीर प्रयासों के लिए सराहना के पात्र हैं। इसी प्रकार, अन्य राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को भी पंचायती राज संस्थाओं के सशक्तिकरण के लिए ठोस प्रयास करने चाहिए।**

# उत्तर प्रदेश में दलित वोट किसके?

**अजय दीक्षित**

अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव से पूर्व समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के बीच दलित-मुस्लिम वोटों को लेकर रार बढ़ने लगी है, जिस तरह से दोनों दलों के नेता एक-दूसरे के वोट बैंक में सेंधमारी की कोशिश में लगे हैं, उससे तो यही लगता है कि अब शायद ही सपा-बसपा प्रमुख एक साथ 2019 की तरह लोकसभा चुनाव लड़ना तो दूर एक मंच पर भी खड़े नजर नहीं आएंगे। बसपा प्रमुख मायावती समाजवादी पार्टी के मुस्लिम वोट बैंक में तो समाजवादी प्रमुख बसपा के गैर जाटव दलितों पर नजर जमाये हुए हैं। दरअसल, बसपा सुप्रीमो मायावती दलितों में जाटव बिरादरी से आती हैं तो सपा प्रमुख अखिलेश की सबसे मजबूत पकड़ यादव वोटरों पर हैं।

सपा-बसपा की सियासी जंग में भाजपा तीसरा कोण बनी हुई। है। उसकी भी नजर गैर जाटव दलितों और गैर यादव पिछड़ों दोनों पर लगी हुई है। दलितों में जाटव की आबादी अधिक होने के साथ समाज में सबसे प्रभावशाली भी है। इसीलिए सपा गैर-जाटव दलित वोट बैंक को लुभाने की कोशिश में लगी हुई है। इस वोट बैंक पर भाजपा की भी नजर है। साथ ही सपा मायावती को सीधे निशाना साधने से बच रही है। हालांकि वह यह संदेश देने की कोशिश जरूर कर रही है कि मायावती परोक्ष रूप से भाजपा को फायदा पहुंचा रही हैं। सपा के इस दोहरे रवैये से बसपा सुप्रीमो का पारा चढ़ा हुआ है। उस पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा कांशीराम जयंती मनाने ने आग में घी डालने का काम किया। अखिलेश यादव के दांव से तिलमिलाई मायावती ने उनके खिलाफ गेस्ट हाउस काण्ड वाला इमोशनल कार्ड चला है ।



**उत्तर प्रदेश की राजनीति में यूं तो यादव और गैर यादव ओबीसी की अहमियत हमेशा रही है, लेकिन कुछ वर्षों पूर्व तक ओबीसी को इस तरह अलग-अलग करके नहीं देखा जाता था। भाजपा ने सबसे पहली बार यूपी में कुर्मी जाति के नेता कल्याण सिंह को आगे करके पिछड़ों में यादव के राजनैतिक वर्चस्व को तोडने का काम किया था, तभी वह 1991 में सत्तारुढ़ हुई तो कल्याण सिंह को मुख्यमंत्री बनाया गया था।**

उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 80 सीटें दांव पर हैं। वैसे बता दें कि जाटव समाज तो अभी भी मायावती के साथ है। पर पासी, वाल्मीकि, धोबी और सोनकर जैसे दलित जाति के लोग कहीं समाजवादी पार्टी के साथ तो कहीं बीजेपी के साथ हैं। अखिलेश ये साबित करने में जुटे हैं कि बीजेपी को हराने के लिए दलित अब मायावती नहीं उनका समर्थन करें। इसीलिए अखिलेश कभी कहते हैं कि मैं शूद्र हूँ, फिर आगे कहते हैं कि बीएसपी के उम्मीदवारों की लिस्ट तो बीजेपी ऑफिस से आती है। अखिलेश अब मायावती को बीजेपी की बी टीम बताने में लगे हैं। अगर इसमें वे कामयाब रहे तो फिर एंटी बीजेपी दलित वोट उनके साथ जुड़ सकता है। वैसे अखिलेश यादव ने यही प्रयोग 2019 के लोकसभा चुनाव में किया था। बीएसपी के साथ गठबंधन कर उन्होंने बड़ा दांव चला था। इससे समाजवादी पार्टी को तो कोई फायदा नहीं हुआ। लोकसभा में उनके सांसदों की संख्या 5 ही रही। पर मायावती को इसका फायदा मिल गया। 2014 के चुनाव में बीएसपी का तो खाता तक नहीं खुला था। पर समाजवादी पार्टी के गठबंधन में उसने 10 सीटें जीत लीं थीं। बहरहाल, उत्तर प्रदेश की राजनीति में यूं तो यादव और गैर यादव ओबीसी की अहमियत हमेशा रही है, लेकिन कुछ वर्षों पूर्व तक ओबीसी को इस तरह अलग-अलग करके नहीं देखा जाता था। भाजपा ने सबसे पहली बार यूपी में कुर्मी जाति के नेता कल्याण सिंह को आगे करके पिछड़ों में यादव के राजनैतिक वर्चस्व को तोडने का काम किया था, तभी वह 1991 में सत्तारुढ़ हुई तो कल्याण सिंह को मुख्यमंत्री बनाया गया था। इसी के बाद समय-समय पर गैर यादव ओबीसी मुलायम सिंह दूसरी बार 1993 में मुख्यमंत्री बन गए, लेकिन यह कोशिश बहुत लम्बी नहीं चल पाई। इसी बीच स्टेट गेस्ट हाउस कांड हो गया, जिसमें मायावती को जान के लाले पड़ गए और भाजपा नेताओं ने उन्हें बचाने का काम किया था। इसके 26 वर्षों बाद 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा-बसपा का गठबंधन हुआ था, जो कुछ माह बाद ही टूट गया था। आज स्थिति यह है कि यूपी में बसपा सुप्रीमो मायावती और सपा प्रमुख अखिलेश यादव का ध्यान मोदी के रथ को रोकने से अधिक अपनी आपसी दुश्मनी निपटाने पर ज्यादा है, जिसका फायदा उठाने का शायद ही कोई मौका भाजपा छोड़ेगी ।

# गर्मियों में खूब पी रहे हैं नींबू पानी तो जान लीजिए इससे होने वाले नुकसान



नींबू पानी सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है.गर्मियों के मौसम में गर्मी से राहत पाने के लिए लोग जमकर नींबू पानी का सेवन करते हैं.इससे शरीर हाइड्रेट रहता है. वजन भी नियंत्रित किया जा सकता है और पाचन से जुड़ी दिक्कतों को भी ठीक करने में मदद मिलती है लेकिन क्या आप जानते हैं कि नींबू पानी पीने से आपको नुकसान भी हो सकता है. अगर आप गर्मियों में खूब नींबू पानी का सेवन कर रहे हैं या फिर वजन घटाने के लिए भी अंधाधुन नींबू पानी पी रहे हैं तो आपको इसके साइड इफेक्ट भी जान लेने चाहिए. तो चलिए जानते हैं इससे होने वाले नुकसान.

नींबू पानी पीने के नुकसान

1.नींबू पानी की जरूरत से ज्यादा सेवन से हार्टबर्न की समस्या हो सकती है. क्योंकि यह प्रोटीन तोडने वाले एंजाइम पर पेप्सीन को सक्रिय कर देता है. वहीं इसके ज्यादा सेवन से पेप्टिक अल्सर की स्थिति और खतरनाक हो सकती है. 2.नींबू पानी पीने से आपको पानी की कमी भी हो सकती है. दरअसल जब आप नींबू पानी पीते हैं तो यह शरीर को यूरिन के जरिए डिटॉक्सिफाई करता है. इस प्रक्रिया में पेशाब के जरिए कई इलेक्ट्रोलाइट्स और सोडियम जैसे तत्व बाहर निकल जाते हैं और आपको डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है. नींबू पानी के ज्यादा सेवन से पोटैशियम की भी कमी हो सकती है.

3.विटामिन सी की अधिक मात्रा खून में आयरन का स्तर अत्यधिक बढ़ सकता है.और ऐसा होना खतरनाक साबित हो सकता है. आप के आंतरिक अंगों को क्षति पहुंच सकती है

**नींबू में सैट्रिक एसिड होता है इसके अलावा इसमें ऑक्सलेट की भी पर्याप्त मात्रा होती है. इसका ज्यादा सेवन करने से ये क्रिस्टल के रूप में शरीर में जमा हो जाता है, जिससे किडनी स्टोन का खतरा बढ़ सकता है.5 .बहुत अधिक मात्रा में नींबू पानी पीने से हड्डियां कमजोर हो सकती है. नींबू में अम्लीयता होती है**

4.नींबू में सैट्रिक एसिड होता है इसके अलावा इसमें ऑक्सलेट की भी पर्याप्त मात्रा होती है. इसका ज्यादा सेवन करने से ये क्रिस्टल के रूप में शरीर में जमा हो जाता है, जिससे किडनी स्टोन का खतरा बढ़ सकता है.5.बहुत अधिक मात्रा में नींबू पानी पीने से हड्डियां कमजोर हो सकती है. नींबू में अम्लीयता होती है, जिसकी वजह से हड्डियों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है.6.जरूरत से ज्यादा नींबू पानी का सेवन एसिडिटी की वजह बन सकता है. नींबू में एसिड की अधिक मात्रा होती है. इसका सेवन करने से शरीर में एसिड की मात्राबढ़ सकती है.

7.अगर आपको टॉन्सिल की समस्या है तो आप नींबू पानी का सेवन ना करें. क्योंकि ऐसा करना हानिकारक हो सकता है. एक रिसर्च के मुताबिक अगर नींबू पानी का ज्यादा सेवन किया जाए तो गले में घाव की वजह बन सकता है.

# हार्ट और किडनी के लिए बहुत फायदेमंद है केला, जानें इस फल को खाना क्यों है जरूरी?

केला स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होता है. इसमें कई जरूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो सेहतमंद रहने के लिए बहुत जरूरी हैं. केले को एनर्जी का पावरहाउस माना जाता है. यह एक एनर्जी बूस्टर है, जिसे खाने के बाद आपको इंस्टेंट एनर्जी मिल सकती है. केले में प्रचुर मात्रा में डाइटरी फाइबर, विटामिन सी, विटामिन बी -6 और मैग्नीज जैसे जरूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो स्वास्थ्य को अलग-अलग तरीके से फायदे पहुंचाते हैं.केले में फाइबर भरपूर मात्रा में पाया जाता है. यही वजह है कि ये पाचन के लिए फायदेमंद होता है. इस फल का सेवन करने से पाचन शक्ति मजबूत होती है.केले में पोटैशियम भी अच्छी खासी मात्रा में पाया जाता है. पोटैशियम शरीर में तरल पदार्थ का स्तर सही बनाए रखने में सहायक है. ये दिल की धड़कन को भी मैनेज करता है. ब्लड प्रेशर पर सोडियम के असर को भी कम करता है. और सबसे जरूरी बात यह है कि पोटैशियम किडनी के लिए फायदेमंद होता है. केले का सेवन करने से किडनी में स्टोन के खतरे को कम किया जा सकता है.केले का सेवन वैसे तो हर उम्र का व्यक्ति आराम से कर सकता है. हालांकि बच्चों और एथलीट्स को ब्रेकफास्ट में इसे जरूर खाना चाहिए. क्योंकि केला एनर्जी का लेवल बढ़ाने में मददगार है. केले में 3 तरह के नेचुरल शुगर पाए जाते हैं, पहला सूक्रोस, दूसरा फ्रुक्टोस और तीसरा ग्लूकोस है.

# चुनाव आयोग कब तक इंतजार करेगा ?




यह लाख टके का सवाल है कि चुनाव आयोग कांग्रेस नेता राहुल गांधी की वायनाड सीट पर उपचुनाव की घोषणा करने के लिए कब तक इंतजार करेगा? राहुल गांधी को 23 मार्च को सूरत की एक अदालत ने मानहानि के मामले में राहुल गांधी को दोषी ठहराया था और दो साल की सजा सुनाई थी। उसके अगले दिन 24 मार्च को लोकसभा सचिवालय ने राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त कर दी और वायनाड सीट खाली घोषित कर दी थी। इस तरह वायनाड सीट खाली हुए एक महीने हो गए।

लोकसभा सचिवालय की ओर से राहुल गांधी की लोकसभा सीट खाली घोषित किए जाने के पांच दिन बाद 29 मार्च को चुनाव आयोग ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव की घोषणा की थी। उस दिन प्रेस कांफ्रेंस में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार से वायनाड सीट के उपचुनाव के बारे में पूछा गया था तब उन्होंने कहा था कि आयोग इस बारे में फैसला करने से पहल इंतजार करेगा। उन्होंने कहा था कि अभी छह महीने का समय है। सो, अब सवाल है कि चुनाव आयोग वायनाड सीट पर उपचुनाव की घोषणा करने के लिए कितना और इंतजार करेगा? यह सही है कि कोई भी लोकसभा या विधानसभा सीट खाली होने के बाद छह महीने तक चुनाव कराने का समय होता है। लेकिन जब आयोग किसी राज्य का चुनाव कराने की घोषणा करे तो उस समय खाली सभी सीटों पर उपचुनाव भी होते हैं। जैसे कर्नाटक के साथ जालंधर लोकसभा और चार राज्यों की पांच विधानसभा सीटों के उपचुनाव हो रहे हैं। तभी यह उम्मीद की जा रही थी कि वायनाड सीट खाली हो गई है तो वहां भी चुनाव हो सकता है। आखिर लक्षद्वीप के सांसद मोहम्मद फैजल की सीट खाली होने के साथ ही आयोग ने चुनाव की घोषणा कर दी थी। सवाल है कि उस मामले में अदालत से लगे झटके की वजह से आयोग वायनाड सीट पर चुनाव नहीं घोषित कर रहा है? क्या राहुल के मामले में भी आयोग को पता है कि सजा पर रोक लग जाएगी और चुनाव कराने की नौबत नहीं आएगी?

असल में यहां तू डाल-डाल, मैं पात-पात का खेल चल रहा है। कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त किए जाने को एक मौका मान रही है और इसका राजनीतिक इस्तेमाल कर रही है। इसलिए वह बेहद सुस्त चाल से कानूनी उपाय आजमा रही है।

पहले तो सीजेएम की अदालत के फैसले के बाद 10 दिन तक कांग्रेस ने अपील नहीं की। उसके बाद अपील की तो हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट की बजाय जिला अदालत में की। वहां से राहुल की अपील खारिज होने के बाद भी पार्टी ने ऊपरी अदालत में अपील करने की जल्दबाजी नहीं दिखाई। ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस कम से कम कर्नाटक चुनाव तक इसका इस्तेमाल कर रही है। उस समय तक चुनाव आयोग भी इंतजार करेगा। आयोग के जानकार सूत्रों का कहना है कि हाई कोर्ट से राहुल को राहत मिल जाएगी और उपचुनाव कराने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

# 'दम है तो मेरी गेंदों पर छक्के मार', जब सचिन को अब्दुल कादिर ने किया था चैलेंज



नई दिल्ली, साल 1989 की बात है, सचिन तेंदुलकर ने इंटरनेशनल क्रिकेट की पिच पर कदम ही रखा था।

16 साल के सचिन को उस समय वर्ल्ड क्रिकेट में अपनी पहचान बनानी बाकी थी। भारत और पाकिस्तान के बीच पेशावर में एक फ्रेंडली मुकाबला खेला जा रहा था। जहां पाकिस्तान के महान लेग स्पिनर अब्दुल कादिर ने उस 16 साल के लड़के को उकसाने का प्रयास किया था और उसका जो नतीजा सामने आया था उसकी मिसाल आजतक दी जाती है।

**सचिन को किया था अब्दुल कादिर ने चैलेंज**

दरअसल, 16 साल के सचिन तेंदुलकर बल्लेबाजी कर रहे थे और उन्होंने मुश्ताक अहमद के ओवर में दो छक्के जमाए थे। सचिन के यह छक्के देखकर अब्दुल कादिर आगबबूला हो गए थे और उन्होंने युवा भारतीय बल्लेबाज को चुनौती दे डाली थी।

कादिर ने सचिन से कहा था, "बच्चों को क्या छक्के मार रहा है, दम है तो मुझे सिक्स मारकर दिखा।"

सचिन ने उस समय अब्दुल कादिर के सामने जुबान नहीं खोली थी, लेकिन अंदर ही अंदर उस 16 साल के लड़के ने दिग्गज स्पिनर का चैलेंज स्वीकार कर लिया था। अब्दुल कादिर जब अपने अगले ओवर में सचिन के सामने गेंदबाजी करने आए, तो मास्टर ब्लास्टर ने उनके ओवर में एक या दो नहीं, बल्कि चार छक्के जमाए थे। सचिन ने तीन सिक्स लगातार गेंदों पर मारे थे।

**सचिन के कायल फैन हो गए थे अब्दुल कादिर**

16 साल के सचिन की विस्फोटक बैटिंग देखने के बाद अब्दुल कादिर उनके फैन हो गए थे। कादिर ने सचिन की बैटिंग को देखने के बाद उनके लिए तालियां भी बजाई थीं और वह इस भारतीय बल्लेबाज के फैन हो गए थे। सचिन के करियर में यह वो पल था, जिसने उनको वर्ल्ड क्रिकेट में एक अलग ही पहचान दिला दी थी। इस मैच में पाकिस्तानी फैन्स ने सचिन की उम्र को लेकर उनको काफी मजाक भी बनाया था, लेकिन 16 साल का वो लड़का इन सबसे परे एक नई पहचान बनाने उस दिन मैदान पर उतरा था।

## जंतर मंतर पर पहलवानों का दंगल, एक्शन में दिल्ली पुलिस- खेल मंत्रालय द्वारा गठित जांच समिति से मांगी रिपोर्ट

नई दिल्ली ,। भारतीय कुश्ती संघ के खिलाफ पहलवानों का प्रदर्शन फिर से शुरू हो गया है। विनेश फोगाट, बजरंग पुनिया और साक्षी मलिक सहित कई खिलाड़ी दिल्ली के जंतर-मंतर पर पहुंच गए थे। उन्होंने जनवरी में भी कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्रदर्शन किया था। उनकी शिकायत पर एक समिति का भी गठन किया गया था, लेकिन पहलवानों को उसकी रिपोर्ट का इंतजार है। पहलवानों ने दिल्ली में प्रदर्शन स्थल पर ही पूरी रात बिताई। वहीं पहलवानों का प्रदर्शन पार्ट-2 आज दूसरे दिन भी जारी है।

वहीं दूसरी तरफ पहलवानों के धरने के बीच दिल्ली पुलिस सक्रिय हो गई है। उसने सोमवार को बयान जारी किया है। दिल्ली पुलिस ने कहा कि भारतीय कुश्ती संघ के प्रमुख बृजभूषण सिंह के खिलाफ पहलवानों के विरोध के बीच दिल्ली पुलिस ने उनकी शिकायत की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने खेल मंत्रालय द्वारा गठित जांच समिति से रिपोर्ट मांगी है।

# कोलकाता को रौंद कर चेन्नई अंकतालिका के शीर्ष पर



कोलकाता ,। गेंद और बल्ले से खुद को सर्वश्रेष्ठ साबित करते हुये चेन्नई सुपरकिंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ न सिर्फ 49 रन की बड़ी जीत दर्ज की बल्कि आईपीएल के मौजूदा सत्र में ऊंची छलांग लगाते हुये अंकतालिका के शीर्ष पर पहुंचने में सफलता हासिल की।

ईडन गार्डन मैदान पर महेन्द्र सिंह धोनी की अगुवाई वाली सीएसके ने पहले बल्लेबाजी करते हुये चार विकेट पर 235 रन बनाये जो मौजूदा सत्र में अब तक का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है वहीं बाद में बेहतरीन गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुये मेजबान टीम को दवाब में बनाये रखा जिसके चलते केकेआर 20 ओवरों में आठ विकेट पर 186 रन ही बना सकी और धोनी की टीम को 49 रन की एकतरफा जीत हासिल हुयी।

कोलकाता का यह विशाल मैदान आज आक्रमक बल्लेबाजी का गवाह बना। पहले धोनी सेना ने चौके छक्कों की बारिश के साथ दर्शकों का मनोरंजन किया जबकि बाद में केकेआर के बल्लेबाजों ने भी चौके छक्के लगाकर खेल प्रेमी प्रशंसकों की वाहवाही लूटी। सीएसके के 235 रनों के स्कोर में 164 रन 18 छक्के और 14 चौके की मदद से आये वहीं हार का सामना करने वाले केकेआर के बल्लेबाजों ने भी कुल मिलाकर 12 छक्के और 14 चौके जमाये।सीएसके आंजिक्य रहाणे (71) ने मात्र 29 गेंदो की नाबाद पारी में छह चौके और पांच छक्के जड़े जबकि शिवम दुबे (50) ने सिर्फ 21 गेंदो पर अपना अर्धशतक पूरा किया जिसमें पांच छक्के और दो चौके शामिल थे। इससे पहले सलामी बल्लेबाज रितुराज गायकवाड ने 20 गेंदो पर 35 रन बनाये वहीं डेवान कॉनवे (56) ने चार चौके और तीन छक्के जड़े। रविन्द्र जडेजा (18) ने आठ गेंदो की संक्षिप्त पारी में दो छक्के लगाये।केकेआर के वरूण चक्रवर्ती ने 49 रन खर्च कर एक विकेट झटका जबकि कुलवंत खेजरोलिया ने 44 रन देकर दो और सुयश शर्मा ने किफायती गेंदबाजी कर एक विकेट मात्र 29 रन देकर झटका। जीत के लिये 236 रन की जरूरत के साथ मैदान पर उतरी केकेआर की शुरूआत भी हालांकि फीकी रही मगर बाद में जेसन राय मात्र 26 गेंदो में 61 बनाकर मैच के रोमांच को बरकरार रखा वहीं आक्रामक रिंकू सिंह 53 रन बनाकर नाबाद लौटे।

# रोमांचक मुकाबले में आरसीबी ने राजस्थान को सात रन से हराया

बेंगलुरू ,। फाफ डु प्लेसिस (62) और ग्लेन मैक्सवेल (77) के बीच 127 रन की महत्वपूर्ण भागीदारी के बाद हर्षल पटेल (32 रन पर तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी की मदद से रायल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने रविवार को एक रोमांचक मुकाबले में राजस्थान रायल्स को सात रन से हरा दिया।


आरसीबी ने पहले खेलते हुये नौ विकेट पर 189 रन बनाये जिसके जवाब में राजस्थान निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट खोकर 182 रन ही बना सकी। जोस बटलर (0) का विकेट गिरने के बाद यशस्वी जायसवाल (47) और देवदत्तर पड्डिकल ने 98 रन की साझेदारी कर मजबूत बुनियाद दी हालांकि इस नींव पर अन्य बल्लेबाज जीत की इमारत तैयार नहीं कर सके। डेविड विली ने लांग आन पर खड़े विराट कोहली के हाथों कैच आउट करा पड्डिकल को विदा किया जबकि कुछ ही देर में यशस्वी भी हर्षल पटेल की गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे।

संजू सैमसन (22) और ध्रुव जुरेल ( 34 नाबाद) ने हालांकि आरसीबी के गेंदबाजों का सामना करते हुये रनो की गति बढाने का प्रयास किया मगर उनका यह प्रयास आरसीबी के चुस्त क्षेत्ररक्षण और गेंदबाजी के आगे थोड़ा कम पड़ गया।

इससे पहले कप्तान विराट कोहली (0) और शाहबाज अहमद (2) का विकेट सस्ते में खोने के बाद आरसीबी ने फाफ डु प्लेसिस (62) और ग्लेन मैक्सवेल (77) के बीच हुयी साझेदारी से राजस्थान के पसीने छुडा दिये। दोनो ने 14वें ओवर तक रन गति को दस रन प्रति ओवर के करीब बरकरार रखा। इस बीच रन चुराने के चक्कर में डु प्लेसिस रन आउट हो गये। डु प्लेसिस ने अपनी अर्धशतकीय पारी में मात्र 39 गेंद खेल कर आठ चौके और दो शानदार छक्के लगाये।

डु प्लेसिस का विकेट गिरने के बाद राजस्थान के गेंदबाजों ने दवाब बनाया, नतीजन उन्हे मैक्सवेल का कीमती विकेट 15वें ओवर की अंतिम गेंद पर मिला। रविचंद्रन अश्विन की गेंद को उड़ाने के प्रयास में वह लंबे कद के जेसन होल्डर के हाथों बैकवर्ड प्वाइंट पर लपके गये। मैक्सवेल ने छह चौके और चार छक्के जड़े। इन दोनो के आउट होने के बाद आरसीबी के बल्लेबाज दवाब में नजर आये और रन रफ्तार बढाने के प्रयास में एक एक कर अपने विकेट गंवाते रहे। दिनेश कार्तिक (16) ही कुछ देर तक राजस्थान के गेंदबाजों का सामना कर सके।

# आईपीएल 2023 : रोमांचक मुकाबले में आरसीबी की राजस्थान पर रॉयल जीत, आखिरी ओवर में दी मात



बेंगलुरू ,। फाफ डु प्लेसिस (62) और ग्लेन मैक्सवेल (77) के बीच 127 रन की महत्वपूर्ण भागीदारी के बाद हर्षल पटेल (32 रन पर तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने एक रोमांचक मुकाबले में राजस्थान रायल्स को सात रन से हरा दिया।

आरसीबी ने पहले खेलते हुये नौ विकेट पर 189 रन बनाये जिसके जवाब में राजस्थान निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट खोकर 182 रन ही बना सकी। जोस बटलर (0) का विकेट गिरने के बाद यशस्वी जायसवाल (47) और देवदत्तर पड्डिकल ने 98 रन की साझेदारी कर मजबूत बुनियाद दी हालांकि इस नींव पर अन्य बल्लेबाज जीत की इमारत तैयार नहीं कर सके। डेविड विली ने लांग आन पर खड़े विराट कोहली के हाथों कैच आउट करा पड्डिकल को विदा किया जबकि कुछ ही देर में यशस्वी भी हर्षल पटेल की गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे।

संजू सैमसन (22) और ध्रुव जुरेल ( 34 नाबाद) ने हालांकि आरसीबी के गेंदबाजों का सामना करते हुये रनो की गति बढाने का प्रयास किया मगर उनका यह प्रयास आरसीबी के चुस्त क्षेत्ररक्षण और गेंदबाजी के आगे थोड़ा कम पड़ गया।

इससे पहले कप्तान विराट कोहली (0) और शाहबाज अहमद (2) का विकेट सस्ते में खोने के बाद आरसीबी ने फाफ डु प्लेसिस (62) और ग्लेन मैक्सवेल (77) के बीच हुयी साझेदारी से राजस्थान के पसीने छुडा दिये। दोनो ने 14वें ओवर तक रन गति को दस रन प्रति ओवर के करीब बरकरार रखा। इस बीच रन चुराने के चक्कर में डु प्लेसिस रन आउट हो गये। डु प्लेसिस ने अपनी अर्धशतकीय पारी में मात्र 39 गेंद खेल कर आठ चौके और दो शानदार छक्के लगाये।

डु प्लेसिस का विकेट गिरने के बाद राजस्थान के गेंदबाजों ने दवाब बनाया, नतीजन उन्हे मैक्सवेल का कीमती विकेट 15वें ओवर की अंतिम गेंद पर मिला। रविचंद्रन अश्विन की गेंद को उड़ाने के प्रयास में वह लंबे कद के जेसन होल्डर के हाथों बैकवर्ड प्वाइंट पर लपके गये। मैक्सवेल ने छह चौके और चार छक्के जड़े। इन दोनो के आउट होने के बाद आरसीबी के बल्लेबाज दवाब में नजर आये और रन रफ्तार बढाने के प्रयास में एक एक कर अपने विकेट गंवाते रहे।

दिनेश कार्तिक (16) ही कुछ देर तक राजस्थान के गेंदबाजों का सामना कर सके।

राजस्थान की ओर से ट्रेट बोल्ट और संदीप शर्मा ने दो दो विकेट झटके जबकि अश्विन और यजुवेन्द्र चहल को एक एक विकेट मिला जबकि तीन अन्य बल्लेबाज रन आउट करार दिये गये।

## फिल्मी सफर

# आदिपुरुष का लिरिकल मोशन पोस्टर हुआ जारी, धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाते दिखे प्रभास



बाहुबली, साहो और राधेश्याम के बाद अभिनेता प्रभास हिन्दी भाषी दर्शकों में एक जाने माने अभिनेता के रूप में अपनी छवि बना चुके हैं। इन दिनों प्रभास अपनी आने वाली फिल्म आदिपुरुष को लेकर खासी सुर्खियों में हैं। यह फिल्म 16 जून को सिनेमाई परदे पर अवतरित होने जा रही है। फिल्म का निर्माण टी सीरीज के भूषण कुमार ने और निर्देशन ओम राउत ने किया, जो इससे पहले दर्शकों को तान्हाजी सरीखी फिल्म दे चुके हैं। अपने वीएफएक्स को लेकर आलोचना का सामना कर चुकी आदिपुरुष दर्शकों की प्रतिक्रिया जानने के बाद पुनःसंशोधित होने लगी और अब आखिरकार फिल्म प्रदर्शन के लिए तैयार है। फिल्ममेकर्स ने इस फिल्म का प्रमोशन करना शुरू कर दिया है। फिल्म के निर्माता-निर्देशक ओम राउत ने आदिपुरुष से आज प्रभास का एक नया पोस्टर जारी किया है। जो काफी जबरदस्त है।

सामने आए इस मोशन पोस्टर में प्रभु श्रीराम की स्तुति करते हुए भगवान राम के रूप में प्रभास का नया पोस्टर सामने आता है। जो काफी जबरदस्त है। मोशन पोस्टर के गीत को मनोज मुंतसिर शुक्ला ने लिखा और अजल अतुल ने इसे संगीतबद्ध किया है। श्रीराम की स्तुति को मनोज मुंतसिर शुक्ला ने बेहतरीन शब्दों के जरिये प्रकट किया है और उसी के अनुरूप अजय अतुल ने इसे संगीतबद्ध किया है। इस पोस्टर सॉंग दर्शकों और श्रोताओं को स्वयं की समाप्ति से पूर्व ही अपने साथ जोडने में सफल हो जाता है। इस गीत को सुनने के बाद इस बात का संकेत मिल रहा है कि यह फिल्म अपने प्रदर्शन के साथ ही दर्शकों पर एक अमिट छाप छोडने में सफल होगी। इस फिल्म का पोस्टर आप इस वीडियो के जरिए देख सकते हैं।

अब पूरी तरह से तैयार होने के बाद ही निर्माता-निर्देशक ओम राउत अपनी फिल्म आदिपुरुष को लेकर फिर से दर्शकों के बीच पहुंचने वाले हैं। फिल्म का नया मोशन पोस्टर दर्शकों को काफी पसंद आया है। इस मोशन पोस्टर में भगवान श्रीराम के रूप में दिखे प्रभास को देख लोग खुश दिखे। जिसके बाद लोग जमकर इस लुक की तारीफ कर रहे हैं।प्रभास के साथ इस फिल्म में सैफ अली खान रावण का किरदार निभाने वाले हैं। जबकि, अदाकारा कृति सेनॉन सीता के किरदार में दिखेंगी। लक्ष्मण के किरदार की जिम्मेदारी फिल्म निर्माताओं ने सनी सिंह को सौंपी है। जबकि, देवदत्त नागे फिल्म में हनुमान का किरदार निभाने वाले हैं। इस फिल्म को भूषण कुमार के टी-सीरीज बैनर के तले बनाया गया है।

## आयुष शर्मा ने किया अपनी आगली फिल्म रुस्लान का ऐलान, मोशन पोस्टर जारी

लवयात्री और अंतिम के बाद, आयुष शर्मा अपनी आगामी मसाला एक्शन एंटरटेनर के साथ दर्शकों के सामने आने वाले हैं। जहां इस फिल्म को अस्थायी रूप से एएस04 कहा जा रहा था, अब इसके टाइटल को रिवील कर दिया गया है। मेकर्स ने फिल्म का मोशन पोस्टर रिलीज किया है, जिसमें आयुष के फर्स्ट लुक के साथ, फिल्म का नाम बताया गया है, जो है- रुस्लान।

वर्तमान में फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और ये पोस्ट-प्रोडक्शन स्टेज में है। आयुष शर्मा के जन्मदिन पर पिछले साल, एक छोटे टीजर के साथ फिल्म की पहली झलक दिखाने के बाद, अभिनेता ने अब फिल्म के नाम का खुलासा किया है।

मोशन पोस्टर का अनावरण करने से पहले, आयुष शर्मा ने कल रात अपने सोशल मीडिया पर शीर्षक के बड़े खुलासे की ओर इशारा करते हुए एक वीडियो शेयर किया था।

# किसी का भाई... की धीमी शुरुआत



बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान और पूजा हेगड़े स्टारर फिल्म किसी का भाई किसी की जान की पहले दिन की कमाई के अर्ली एस्टिमेट्स की रिपोर्ट सामने आ चुकी है। ये फिल्म ईद के खास मौके पर रिलीज हुई है। फिल्म को 21 अप्रैल के दिन थियेटर पर रिलीज किया गया। सुपरस्टार सलमान खान की इस फिल्म को लेकर खासा बज था। फिल्म को पहले दिन देखने दर्शकों की भारी संख्या थियेटर पहुंची। जिसके बाद फिल्म को दर्शकों से मिक्सड रिव्यूज मिले हैं। इसके बाद से ही फिल्म के पहले दिन की कमाई पर हर किसी की नजर टिकी हुई थी। पहले दिन फिल्म ने बॉक्स ऑफिस से ठीक-ठाक कमाई की है।

सामने आई इस फिल्म के अर्ली एस्टिमेट्स की रिपोर्ट्स की मानें तो सुपरस्टार सलमान खान और पूजा हेगड़े स्टारर इस फिल्म ने थियेटर से अच्छी कमाई करते हुए अपने खाते में करीब 12-15 करोड़ रुपये के बीच कमाई की थी। बॉक्स ऑफिस ट्रैकिंग पोर्टल सैनिक की एक रिपोर्ट की मानें तो फिल्म किसी का भाई किसी की जान ने पहले दिन थियेटर से कुल 12.50 करोड़ रुपये की कमाई की है। जबकि, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स का दावा है कि फिल्म पहले दिन 14-15 करोड़ के बीच की रेंज में कमाई जुटाने वाली है।

सलमान खान के सुपरस्टारडम को देखते हुए फिल्म की कमाई के पहले दिन के आंकड़े भले ही कम है। मगर उम्मीद है कि फिल्म दूसरे दिन कमाई की रफ्तार पकड़ेगी। रिपोर्ट्स की मानें तो सुपरस्टार सलमान खान की फिल्म ईद के एक दिन पहले रिलीज हुई थी। इसलिए ओपनिंग डे के आंकड़े कम हैं। मगर शनिवार और रविवार के दिन ये फिल्म बंपर कमाई करेगी। इसकी वजह ईद का त्योहार है।

# राम चरण की आगामी फिल्म आरसी 16 में नजर आएंगी जाह्नवी कपूर, निभाएंगी अहम किरदार



दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी के बेटी जाह्नवी कपूर बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक हैं। बहुत ही कम समय में उन्होंने इंडस्ट्री में खूब नाम कमाया है। आने वाले वक्त में जाह्नवी एक से बढक़र एक फिल्मों में नजर आने वाली हैं, जिसमें जूनियर एनटीआर की एनटीआर 30, बवाल, तख्त और मिस्टर एंड मिसेज माही शामिल हैं। इस बीच जाह्नवी के हाथ एक और बड़ा प्रोजेक्ट लगा है। रिपोर्ट के अनुसार, जाह्नवी राम चरण की आरसी 16 में मुख्य भूमिका में नजर आएंगी।

जाह्नवी पहली बार राम चरण के साथ हाथ मिलाने के लिए निर्माताओं संग बातचीत कर रही हैं। उन्हें फिल्म में महिला प्रधान भूमिका निभाने के लिए संपर्क किया गया है। बुच्ची बाबू निर्देशित आरसी 61 को एक गांव आधारित फिल्म कहा जाता है, जो एक बाहरी मनोरंजन के रूप में बनाई गई है। उम्मीद की जा रही है कि सितंबर में राम चरण गेम चेंजर की शूटिंग खत्म करने के बाद आरसी 16 पर काम शुरू करेंगे।साउथ सुपरस्टार राम चरण अपनी फिल्म आरआरआर को मिली बंपर सक्सेस के बाद इन दिनों मालदीव में पत्नी संग चलिटी टाइम बिता रहे हैं। सुपरस्टार राम चरण आरआरआर के बाद निर्देशक शंकर की अपकमिंग फिल्म गेम चेंजर में बिजी हैं। जो अभी शूटिंग स्टेज पर है। इस फिल्म में सुपरस्टार राम चरण बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी संग ऑन स्क्रीन रोमांस करते दिखेंगे।

# रूही चतुर्वेदी, अंजुम फकी होंगी खतरों के खिलाड़ी 13 की प्रतियोगी



लोकप्रिय टीवी अभिनेत्री रूही चतुर्वेदी और अंजुम फकीह एक्शन आधारित रियलिटी शो ह्यखतरों के खिलाड़ी 13 में खतरनाक स्टंट करती नजर आएंगी। उन्होंने शो में शामिल होने और साहसिक गतिविधियों को करने के लिए अपने सुविधा क्षेत्र से बाहर निकलने पर अपनी खुशी साझा की है। आशाओं का सवेरा..धीरे धीरे से की अभिनेत्री रूही ने कहा, मैं हमेशा से साहसिक खेलों की प्रशंसक रही हूं, लेकिन मुझे अपने डर के कारण कभी भी इन्हें आजमाने का मौका नहीं मिला। जब मुझे ह्यखतरों के खिलाड़ी 13 का हिस्सा बनने का मौका मिला, तो मुझे पता था कि मुझे इसे करना है।न्होंने कहाः शो की चुनौतियों को नर्व-ब्रेकिंग और एड्रेनालाईन-पंपिंग के रूप में जाना जाता है, और मैं उन्हें सीधे लेने के लिए उत्साहित हूं। यह जीवन भर की यात्रा होने जा रही है, और मैं इसे अपना सब कुछ देने जा रही हूं। काम कितना भी मुश्किल क्यों न हो, मैं इसे अपने और दर्शकों के लिए एक यादगार अनुभव बनाने के लिए प्रतिबद्ध हूं।

दूसरी ओर, कुंडली भाग्य की अभिनेत्री अंजुम के लिए यह बिल्कुल नया अनुभव होने जा रहा है क्योंकि वह पहली बार किसी रियलिटी शो में भाग ले रही हैं। उन्होंने कहा, मैं पहली बार अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलने और रियलिटी टीवी की दुनिया को एक्सप्लोर करने के लिए रोमांचित हूं। एक अभिनेता के रूप में, मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने के लिए हमेशा अपनी सीमाओं को पार किया है, और अब, मैं अपनी शारीरिक और मानसिक क्षमताओं का परीक्षण करने के लिए उत्साहित हूं।

शो में चुनौतियों के बारे में बात करते हुए, उन्होंने कहाः चुनौतियां गंभीर हैं, और मुझे पता है कि यह आसान नहीं होगा, लेकिन मुझे एक मजबूत प्रतियोगी के रूप में अपनी ताकत पर भरोसा है, और मैं जीतने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दूंगी।मैं अपने डर का सामना करने के लिए तैयार हूं और अपने साथी प्रतियोगियों से बढने और सीखने के इस अविश्वसनीय अवसर का अधिकतम लाभ उठाने के लिए तैयार हूं।

खतरों के खिलाड़ी 13 का प्रसारण जल्द ही कलर्स पर होगा।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
-सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382-222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com